

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 20 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-01 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-142 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जयंती पर राजीव गांधी को विस में श्रद्धांजलि

**रायपुर,20अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर के सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी



के तैल चित्र पर मंगलवार को उनकी जयंती के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत एवं विधायकगण द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी स्व. राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की ,उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

### केंद्रीय गृह मंत्री 23से26 तक रहेंगे छत्तीसगढ़ के दौरे पर

**रायपुर,20 अगस्त।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 23 से 25 अगस्त तक छत्तीसगढ़ में रहेंगे। उनके तय कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह 23 अगस्त की शाम राजधानी रायपुर पहुंचेंगे, 24 अगस्त को नक्सल प्रभावित सात राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स के डीजी के साथ नक्सलवाद को लेकर बैठक करेंगे। 25 अगस्त को सहकारिता विभाग की बैठक लेने के बाद वे वापस दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

### सीबीआई के हवाले होगी महादेव सट्टा एप की जांच?

**रायपुर,20अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार ऑनलाइन महादेव सट्टा एप घोटाला मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने जा रही है। मामले में राज्य के अलग-अलग जिलों के पुलिस थानों में 70 प्रकरण दर्ज हैं। अधिकारियों के मुताबिक इनकी फाइल सीबीआइ को सौंपने के लिए राज्य सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही महादेव सट्टा एप घोटाले में फंसे व्यक्तियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मामले में प्रदेश कई बड़े नेताओं, अधिकारियों और कारोबारियों के नाम दर्ज है। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 120 (बी), 420, आइपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1998 की धाराओं के तहत दर्ज हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार आने के बाद राज्य की आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को मामले की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर,20 अगस्त।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड को कोर्ट ने 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है. आज जिला सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में जज अजय खाखा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई, जहां कोर्ट ने विधायक देवेंद्र की जमानत याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड को 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है. अब वे 27 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहेंगे. सूत्रों की मानें तो भीम रेजीमेंट के एक बड़े पदाधिकारी के पुलिस को दिए बयान के आधार पर विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी हुई है. बलौदाबाजार हिंसा मामले में विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ने की तैयारी में है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 24 अगस्त को प्रदर्शन किया जाएगा.

### मोदी ने गले लगाकर किया मलेशिया के पीएम का स्वागत

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के बीच बातचीत के बाद भारत और मलेशिया ने श्रमिकों की भर्ती, रोजगार और स्वदेश वापसी को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# शराब घोटाले के आरोपियों की याचिकाएं हाई कोर्ट ने की खारिज

**दर्ज एफआईआर को दी गई थी चुनौती**

**बिलासपुर,20 अगस्त**

प्रदेश के बहुचर्चित 2200 करोड़ के शराब घोटाले में आरोपियों की 13 याचिकाओं को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है. हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा के बेंच के फैसले से पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, अनवर ढेबर व विधु गुप्ता सहित सभी आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. बता दें, कि शराब घोटाले को लेकर एसीबी और ईओडब्ल्यू ने अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा, अनवर ढेबर, विधु गुप्ता, निरंजन दास और एपी त्रिपाठी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है. इन सभी आरोपियों ने एसीबी और ईओडब्ल्यू की एफआईआर को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें अपने खिलाफ की गई एफआइआर को निरस्त करने की मांग की थी. आरोपियों ने हाई कोर्ट में अलग-अलग याचिका लगाई थी. इस मामले में बीते 10



जुलाई को सभी पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे मंगलवार को सार्वजनिक किया है. हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है.

# कोलकाता रेप केस में सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेप केस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान देश में डॉक्टरों के हाल पर अदालत ने चिंता जाहिर की है. साथ ही सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टास्क फोर्स बनाने के भी निर्देश दिए हैं. कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार पर भी सवाल उठाए हैं. अदालत ने कहा कि हमने स्वतः संज्ञान इसलिए लिया, क्योंकि यह डॉक्टरों की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मुद्दा है. ÷हम इस बात से बहुत चिंतित हैं कि कोलकाता बलात्कार पीड़िता का नाम, फोटो और वीडियो क्लिप हर जगह प्रकाशित किया गया. मामले की सुनवाई कर रहे भारत के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, 'सुबह-सुबह अपराध का पता चलने के बाद प्रिंसिपल ने इसे आत्महत्या की तरह दिखाने की कोशिश की और पीड़िता के माता-पिता को शव भी देखने की अनुमति नहीं दी गई.' उन्होंने कहा, 'देर रात तक कोई भी स्नढ्ढक्र दर्ज नहीं की गई थी.' अदालत ने स्नढ्ढक्रमें देरी और मौका-ए-वारदात बर्बाद करने के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार को भी फटकार लगाई है. कहा, एफआइआर देर से क्यों दर्ज हुई? हॉस्पिटल प्रशासन आखिर क्या कर रहा था? सीजेआई ने कहा अस्पताल में गंभीर अपराध हुआ है और पूछा कि वे क्या कर रहे हैं? तोड़फोड़ करने वालों को अस्पताल में घुसने की अनुमति देना, सुप्रीम कोर्ट ने पूछा. सीजेआई ने कहा, हम चाहते हैं कि सीबीआई एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करे और जांच की स्थिति से अवगत कराए. हम एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन कर रहे हैं और चाहते हैं कि वे वरिष्ठ और जूनियर डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए देश भर में अपनाए जाने वाले तौर-तरीकों पर सिफारिशें दें.सीजेआई ने कहा, 'आरजी कर अस्पताल में 36 घंटों से शिफ्ट में मौजूद डॉक्टर का रेप हो गया. मृतक की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए गए. 13 अगस्त को हाईकोर्ट की तरफ से मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया. 15 अगस्त को देर रात 12.30 भीड़ इमरजेंसी वार्ड और अन्य जगहों पर घुस गई और तोड़फोड़ की. इसके बाद IMA ने 14 घंटों के लिए देशभर में इमरजेंसी सेवाएं बंद करने का आह्वान किया. राज्य से उम्मीद की जाती है कि कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए राज्य की मशीनरी को तैनात करे. हम समझ नहीं पा रहे हैं कि राज्य ऐसा क्यों नहीं कर सका.' उन्होंने कहा, 'डॉक्टरों और महिला डॉक्टरों की सुरक्षा राष्ट्र हित का मुद्दा है और समानता का सिद्धांत भी यही कहता है. कुछ कदम उठाएं, इसके लिए देश दूसरे रेप का इंतजार नहीं कर सकता. स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए राज्य में कानून हैं, लेकिन वे प्रणालीगत मुद्दों से नहीं निपटते हैं.'

## छत्तीसगढ़ के 9 आईएएस व 3 आईपीएस बने सेंट्रल आब्जर्बर

### दो राज्यों के विस चुनाव को लेकर 22 अगस्त को इलेक्शन कमीशन ने बुलायी बैठक

**रायपुर,20 अगस्त।** हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। धारा 377 हटने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। लिहाजा चुनाव आयोग के लिए सफल चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती है। इलेक्शन शेड्यूल जारी करने के बाद अब चुनावी तैयारी को पुख्ता बनाने में चुनाव आयोग जुटा हुआ है। इधर सफल चुनाव कराने को लेकर इलेक्शन कमीशन ने सेंट्रल आब्जर्बर्स की भी नियुक्ति कर ली है। सभी केंद्रीय पर्यवेक्षकों को 22 अगस्त को दिल्ली बुलाया गया है। 22 अगस्त की सुबह 9 बजे से चुनाव आयोग की केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ मीटिंग होगी। छत्तीसगढ़ से हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने को लेकर 9 आईएएस हिमशिखर गुप्ता ,राजेश सिंह राणा ,नरेंद्र कुमार दुग्गा ,भीम सिंह,डॉ प्रियंका शुक्ला ,जय प्रकाश मौर्या ,संजीव कुमार झा,विनित नंदनवार,ऋतुराज रघुवंशी को सेंट्रल आब्जर्बर बनाया गया है। वहीं तीन IPS प्रशांत कुमार अग्रवाल,अभिषेक मीणा,उदय किरण भी आब्जर्बर बनाये गये हैं। चुनाव आयोग की तरफ से छत्तीसगढ़ के निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र भेजकर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि बैठक में अनुपस्थिति को चुनाव आयोग काफी गंभीरता से लेता है। लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है, इसलिए संबंधित आब्जर्बरों की बैठक में उपस्थिति अनिवार्य हो। सभी अधिकारियों को तत्काल मीटिंग की सूचना अनिवार्य रूप से प्रेषित करने को कहा गया है।

## संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हम हर कीमत पर रक्षा करेंगे: राहुल

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** नौकरशाही में लेटरल एंट्री के लिए केंद्र द्वारा नवीनतम विज्ञापन वापस लेने के बाद, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस किसी भी कीमत पर संविधान और आरक्षण प्रणाली की रक्षा करेगी और भाजपा की साजिशों को विफल करेगी। उनकी टिप्पणी केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की अध्यक्ष प्रीति सूदन को लिखे गए पत्र के बाद आई है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हम हर कीमत पर रक्षा करेंगे। भाजपा की 'लेटरल एंट्री' जैसी साजिशों को हम हर हाल में नाकाम कर के दिखाएंगे। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मैं एक बार फिर कह रहा हूं - 50त्न आरक्षण सीमा को तोड़ कर हम जातिगत गिनती के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे। जय हिन्द। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि संविधान की जीत हुई। मोदी सरकार लेटरल एंट्री में बिना आरक्षण के भर्ती की साजिश कर रही थी, लेकिन अब इस फैसले को वापस लेना पड़ा है। एक बार फिर मोदी सरकार को संविधान के आगे झुकना पड़ा है। पार्टी ने आगे लिखा कि आरक्षण विरोधी इस फैसले का कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता विपक्ष राहुल गांधी और ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन ने खुलकर विरोध किया। इसकी वजह से मोदी सरकार को ये फैसला वापस लेना पड़ा है। ये बाबा साहेब के संविधान



की जीत है. ये हर दलित, शोषित, पिछड़ों की जीत है। केंद्र सरकार ने विवाद के बीच मंगलवार को यूपीएससी को नौकरशाही में 'लेटरल एंट्री' से संबंधित नवीनतम विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखकर विज्ञापन रद्द करने को कहा ÷ताकि कमजोर वर्गों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।÷ यूपीएससी ने 17 अगस्त को 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। लेटरल एंट्री को सरकारी विभागों में (निजी क्षेत्रों के विशेषज्ञों सहित) विभिन्न विशेषज्ञों की नियुक्ति कहा जाता है।

## कांग्रेस हारकर जीतने का कर रही दिखावा: अरुण सिंह

**रायपुर,20अगस्त।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि तीन लोकसभा में कांग्रेस की सीटों को मिलाकर वह अभी भाजपा के बराबर नहीं है. कांग्रेस हारकर भी जीतने का दिखावा कर रही है. भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यशाला में शामिल होने रायपुर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला. कांग्रेस के जीतने सदस्य उतने वोट नहीं आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 11 करोड़ से अधिक 2014-15 में सदस्य बनी थी, उससे अधिक 2019 में वोट आए थे. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा किकांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, उन्हें सिर्फ नकारात्मक राजनीति करती है. कांग्रेस देश को तोड़ने का काम करती है. कांग्रेस के बारे में लोगों को समझ आ गया है. कांग्रेसी प्रगति नहीं देखना चाहते, यह नकारात्मक राजनीति करते हैं. भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला में



शामिल होंगे. 17 तारीख को बीजेपी के केंद्रीय कार्यालय में सदस्यता अभियान की कार्यशाला हुई थी. इसके बाद अब देश के तमाम प्रदेशों की राजधानी में सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजन होगा. भाजपा राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि आज और कल दो दिन में सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन होगा, जिसके बाद जिले में कार्यशाला होगी. लक्ष्य है कि हर घर तक कार्यकर्ता पहुँचे , सभी को सदस्य बनाएं. बीजेपी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है. संगठन पर्व उत्सव के रूप में मनाया जाएगा.




## दिव्यांग बेटी ने पैर से साय को लगाया तिलक

**रायपुर,20 अगस्त।** रक्षाबंधन का पर्व सोमवार को देशभर में हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भी उनकी बहनों ने राखी बांधी. लेकिन उनमें से एक बहन ऐसी थीं जिसके राखी बांधने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में धमतरी से आई दिव्यांग बेटी वर्षा ध्रुव ने मुख्यमंत्री को अपने पैरो से न केवल राखी बांधी बल्कि पैर से तिलक भी लगाया और उन्होंने अपने भाई यानी मुख्यमंत्री को पुष्प भी चढ़ाए.

### केजरीवाल को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर से बड़ा झटका लगा है। आबकारी नीति मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई केस में अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त 2024 तक बढ़ा दी है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया था और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा था। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत मामलों में जमानत दिए जाने के लिए कठोर शर्तें भी लगायी गयी हैं।

## बिगड़े ओला स्कूटर की युवक ने निकाली शव यात्रा




**दुर्ग,20 अगस्त।** सोशल मीडिया में ओला स्कूटर की शव यात्रा का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है. यह वीडियो छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई का है. युवक अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटर से इस कदर परेशान हुआ की उसने स्कूटी को ठेले में रखकर उसकी शव यात्रा निकाल दी. इतना ही नहीं युवक ने इसके लिए लाउडस्पीकर भी लगाया और पीछे-पीछे स्वयं माइक लेकर लोगों से अपील करता रहा कि कभी भूलकर भी ओला की स्कूटी न खरीदें. इस पूरे वाकया को राहगीरों ने अपने मोबाइल फोन पर कैद कर लिया जो सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है.

दरअसल, शांतिनगर निवासी सागर सिंह ने बताया कि एक साल पहले एक लाख पचास हजार रुपये की इलेक्ट्रिक ओला स्कूटी उन्होंने खरीदी थी. इसका उन्होंने फाइनेंस भी करवाया था. बैंक इंटरेस्ट मिलाकर यह स्कूटी उन्होंने एक लाख 85 हजार रुपये में खरीदी. लेकिन उन्हें उस बात का अंदाजा नहीं था कि यह स्कूटी उनके लिए मुसीबत बन जाएगी. क्योंकि स्कूटी के बार-बार सर्विसिंग के कारण पिछले एक साल से सागर टेंशन से गुजर रहे हैं, उनका कहना है कि स्कूटी खरीदने के कुछ महीने तक तो सब ठीक रहा, लेकिन तीन-चार महीने बाद स्कूटी खराब होने लगी. लेकिन जब पानी सर से ऊपर निकल गया, तब उन्होंने खराब सर्विसिंग से परेशान होकर उसकी शव यात्रा निकाल दी. इस वीडियो के वायरल होते ही सागर को कंपनी से फोन आया और स्कूटी बनाकर दी गई लेकिन कुछ दिन बाद स्कूटी फिर खराब हो गई. सागर का कहना है कि वो जब भी स्कूटी को सर्विस सेंटर लेकर जाते थे तो खराबी ठीक करने में 15-20 दिन का समय लिया जाता था. हर बार पाट्र्स ना होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया जाता था. वहीं कुछ दिन पहले उनकी स्कूटी के अचानक चारों इंडीकेटर जलने लगे और स्कूटी रामनगर के पास अचानक बंद हो गई. काफी मशक्कत के बाद भी जब स्कूटी स्टार्ट नहीं हुई तो उसे धक्का मारकर घर तक लाना पड़ा.

## नेशनल टास्क फोर्स डाक्टरों की सुरक्षा पर देगी सुझाव

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** कोलकाता में 9 अगस्त को जूनियर डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर केस ने पूरे देश में हलचल बढ़ा दी है, कोलकाता से लेकर राजधानी दिल्ली समेत कई इलाकों में पीड़िता को इंसाफ दिलाने और महिलाओं की सुरक्षा की मांग को लेकर आवाज उठाई जा रही है. इसी बीच कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के संग हुई इस हैवानियत पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्वतः संज्ञान लिया और इस केस को लिस्ट किया, जिसके चलते मंगलवार को मामले की सुनवाई हुई. बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे. हालांकि कोर्ट ने केस को लेकर कई अहम आदेश दिए, साथ ही इसी केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने अहम मामला आया वर्कस्पेस में सुरक्षा. कोर्ट ने इस मामले को लेकर अहम बातचीत की और वर्कस्पेस में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अहम कदम उठाया. सीजेआई ने कहा कि एक नेशनल टास्क फोर्स बनाई जाए, जो देशभर के डॉक्टरों की सुरक्षा पर अपने सुझाव दे. हम पूरे मामले पर निगरानी करेंगे. डॉक्टरों के वर्कस्पेस में सुरक्षा बढ़ाने के लिए देश भर से 10 लोगों की टास्क फोर्स बनाई गई है. यह पहल वर्कस्पेस में सुरक्षा को बढ़ाने और इस तरह की घटना दोबारा सामने न आए इसीलिए की जा रही है.

**आइस स्केटिंग एसोसिएशन आफ इंडिया शीतकालीन ओलंपिक खेलों को दे रहा बढ़ावा**

jasclaudius@gmail.com

# युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है आइस स्केटिंग

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आधुनिक युग में खेलकूद ने एक नई दिशा ली है। एक समय था जब धरती पर खेल की प्रतियोगिता होती थी। मनुष्य ने अपने जीवन में खेल के महत्व को समझा तो फिर इसका दायरा बढ़ गया। भूमि के पश्चात पानी में खेले जाने वाले खेल, फिर धरती के ऊपर खुले आकाश में खेले जाने वाले खेल की उत्पत्ति हुई। इनका उद्देश्य मनोरंजन के साथ ही साथ शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखना ही था। संसार में कुछ ऐसे जगह भी है जहां साल में तीन-चार माह को छोड़कर बाकी समय भूमि बर्फ की चादर ओढ़े रहती है। ऐसे स्थानों या ऐसे क्षेत्रों में निवास करने वालों के लिए स्वयं को मौसम व वातावरण के अनुरूप शारीरिक रूप से फिट रखना एक बड़ी चुनौती होती है। रात-दिन गर्म कपड़े पहनकर रहना और कुछ भी कसरत न करना शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने में मददगार नहीं हो सकता अतः मनुष्य ने उसके लिए भी उपाय निकाला और ऐसे खेलों का प्रादुर्भाव हुआ जो कि भूमि पर बिछी बर्फ के परत के ऊपर आसानी से खेला जा सकता है। धरती, आकाश, पानी के खेलों की जिस प्रकार प्रतियोगिता होती है वैसे ही बर्फ के ऊपर दौड़कर, उछलकर विशेष पोषाक, खेल सामग्री की मदद से खेलकूद की चैंपियनशिप आयोजित की जाने लगी। 19वीं सदी के आरंभ से बर्फ में खेले जाने वाले खेलों की जानकारी बढ़ती गई। नये खेलों का आविष्कार हुआ। खेल प्रेमी उससे जुड़ने लगे। 1896 में जब ग्रीष्मकालीन आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुवात हुई तो जनमानस में धीरे-धीरे 20वीं सदी में इसकी आवश्यकता महसूस हुई कि अब बर्फ पर खेले जाने वाले खेलों को सूचीबद्ध करके उसे व्यवस्थित रूप से एक ही स्थान में क्यों न आयोजित किया जाए। यूरोप, अमेरिकान और एशिया के कुछ भागों में साल भर में कम से कम तीन से चार माह बर्फ पड़ती है। यहां पर आसानी से बर्फ पर खेले जाने वाले खेलों की स्पर्धा



हो सकती है उसे शीतकालीन खेल का नाम दिया गया और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की तरह शीतकालीन ओलंपिक खेलों की शुरुवात 1924 में फ्रांस में हुई। तब से लेकर 2022 तक लगातार शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। 2022 के बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक खेलों में 15 खेलों की प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें अलपाइन स्कीइंग, फ्री स्टाईल स्कीइंग, स्केटिंग, बाइएथलान, स्कीइंग, स्केलटन, बाब्सलेग, ल्यूग, स्की जंपीन्ग, क्रास कंट्री स्कीइंग, नार्डिक कंबाइंड, स्नो बोर्डिंग, क्यूरलिंग, फिगर स्केटिंग, शार्ट ट्रेक स्पीड के मुकाबले हुए। भारत ने ओलंपिक खेलों में अब तक 41 पदक जीते हैं जो सभी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों से आये हैं। भारत ने 1964 में सबसे पहली बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लिया फिर 1968, 1988, 1992, 1998, 2002, 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 में शीतकालीन ओलंपिक खेल में भाग लिया। भारत में जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के कुछ क्षेत्रों में शीतऋतु के दौरान शीतकालीन खेल आयोजित किए जाते हैं। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन आईओए के अंतर्गत आईस स्केटिंग के खेलों को भारत में लोकप्रिय बनाने के लिए आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया का गठन किया गया है। 2021 से 2024 तक के कार्यकाल के लिए अमिताभ शर्मा अध्यक्ष, जेएस साहनी जनरल सेक्रेटरी, डॉ. रोहित चोपड़ा कोषाध्यक्ष तथा ज्वाइंट सेक्रेटरी राजू दमाडे आदि पदाधिकारी चुने गए हैं। आइस स्केटिंग के अंतर्गत स्पीड, फीगर स्केटिंग, शार्ट ट्रेक स्पीड की स्पर्धाएं होती है। आइस स्केटिंग को शीतकालीन ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है जिसकी प्रतियोगिताएं प्रतिवर्ष होती है। खेल चाहे जो भी हो जब तक जूनियर, सब जूनियर, जूनियर वर्ग में खिलाड़ी तैयार नहीं किए जाएंगे तब तक हमारे देश के सीनियर खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान नहीं बना सकेंगे। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष अमिताभ शर्मा काफी चौकन्ने हैं और जमीनी स्तर से स्पीड, फिगर स्केटिंग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चुनकर उन्हें प्रशिक्षित करने का दायित्व उनके नेतृत्व में आइस स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा गत 08 से 17 अगस्त तक आइसकाटे गुरुग्राम में किया गया। फिगर ट्रेनिंग कैंप 8 से 14 अगस्त तक शार्ट ट्रेक अंडर-13 ट्रेनिंग कैंप 10 से 13 अगस्त तक आईसकाटे गुरुग्राम में किया गया। साथ ही फिगर स्केटिंग की राष्ट्रीय स्पर्धा 15-17 अगस्त 2024 और 14 से 17 अगस्त तक गुरुग्राम में ही आईस स्केटिंग के इस वर्ग की राष्ट्रीय स्पर्धा हुई। इस प्रकार ओलंपिक खेल को अमिताभ शर्मा के नेतृत्व में निरंतर बढ़ावा मिल रहा है।

## बच्चियों से दरिंदगी की घटना पर जल उठा शहर

**बदलापुर,20अगस्त।** महाराष्ट्र के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को भारी भीड़ पहुंची. लोग यहा ट्रेन पकड़ने नहीं, बल्कि ट्रेनें रोकने आए थे. सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ट्रैक पर धावा बोल दिया. प्रदर्शनकारी शहर के एक स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. उनका आरोप है कि पुलिस 'देरी' कर रही है. पुलिस ने स्कूल के अटेंडेंट को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया था. घटना सामने आने के बाद बदलापुर के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए स्कूल और थाने का घेराव किया गया. जब सुनवाई नहीं हुई तो मंगलवार सुबह लोग बदलापुर रेलवे स्टेशन पहुंच गए और ट्रेनों की आवाजाही रोक दी. हंगामे की वजह से मुंबई लोकल की सेंट्रल लाइन पर सेवाएं प्रभावित हुईं. महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर को घटना पर बयान जारी करना पड़ा. स्कूल परिसर में बच्चियों से कथित यौन शोषण का मामला 12-13 अगस्त का है. शिकायत के मुताबिक, स्कूल के क्लीनिंग स्टाफ में शामिल एक व्यक्ति ने बाथरूम में ले जाकर बच्चियों का यौन शोषण किया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने सूचना दिए जाने के बावजूद स्नढ्ढक्र लिखने में देरी की. 16 अगस्त को स्नढ्ढक्र दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया गया. स्कूल के मुताबिक, आरोपी को संविदा पर रखा गया था. घटना का पता चलने के बाद, शहर भर के अभिभावकों में चिंता फैल गई. माता-पिता भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा उपायों और बेहतर सुपरविजन की मांग कर रहे हैं. विरोध-प्रदर्शन के तहत मंगलवार को बदलापुर क्षेत्र में दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान बंद रहे. जिस स्कूल में कथित घटना हुई थी, उसे भी जबरन बंद कराया गया. स्थानीय राजनीतिक नेता भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए.

**एक नजर**

## रक्षा-सूत्र बांध बहनों ने की भाइयों की दीर्घायु और खुशहाली की मंगलकामना



**भिलाई, 20 अगस्त ।** श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर सोमवार को भाई-बहनों के अटूट प्रेम और अगाध स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार उमंग, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भद्रा का साया होने की वजह से सुबह राखी बांधने के सिलसिले पर विराम रहा। ज्योतिष गणना के अनुसार वैसे तो भद्राकाल समाप्त होने पर राखी बांधने का शुभ मुहूर्त डेढ़ बजे के बाद का बताया गया लेकिन बहनों ने सुबह से ही राखी बांधने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी थीं। घरों में पकवानों की महक उठ रही थी तो सडकों पर रंग-बिरंगी राखी और भांति-भांति किस्म की मिठाइयों का बोलबाला था। डेढ़ बजते ही राखी बांधने का सिलसिला जो शुरू हुआ हुआ तो देर शाम तक चलता रहा। सड़कों पर महिलाओं की अच्छी चहल-पहल रही। पंडित ज्योतिषियों के अनुसार इस वर्ष के रक्षाबंधन में अनेक शुभ संयोग बने, जिनके योग से शुभ कार्यों की शुरुआत होगी।

## बीएसएफ जवानों को महिलाओं ने बांधी राखी



भिलाई, 20 अगस्त। सीमा सुरक्षा बल कार्यालय में रक्षाबंधन का त्यौहार बहनों ने धूमधाम से मनाया। शिवजी अर्पण सेवा समिति के बैनर तले वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक प्रतिनिधि श्रीमती रीना चौहान के मुख्य आतिथ्य में सैकड़ों बहनों ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों रक्षा सूत्र बांधा। विधायक प्रतिनिधि श्रीमती रीना चौहान के साथ सीमा सुरक्षा बल के भाईयों की आरती तिलक किया और मिठाई खिलाकर कलाई पर राखी बांधा। विधायक प्रतिनिधि श्रीमती रीना चौहान के कहा की रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति इतनी लचीली है कि इसमें हर संस्कृति समाहित होती चली जाती है। कार्यक्रम के दौरान शिवजी अर्पण सेवा समिति की अंजली राजनल, पूजा राजनल, सीमा चौहान, मोनिका ठाकुर,गरिमा,मोनिका सिंह, विभा मिश्रा, मुस्कान, अयंती सिंह, ललिता, संगीता साहू, ऋतु मानिकपुरी,सविता, ए.आंचल, प्रीति,प्रियंका, समिति के अध्यक्ष रोहन कुमार मून, सचिव कृष्णा चौहान, सुधांशु कोसे, रामा, उज्वल, कैलाश, विनय, राहुल आदि समस्त सदस्य उपस्थित थे। झ

## कवर्धा पुलिस की सक्रियता से शातिर चोर पकड़ाए




**कवर्धा, 20 अगस्त।** प्रार्थीगणों ने दिनांक 15.08.2024 एवं दिनांक 16.08.2024 को अपने-अपने मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक छ्त्त-09-5124, मोटर सायकल पैशन प्रो क्रमांक छ्त्त-09-1603 एवं मोटर सायकल एच.एफ.डिलक्स क्रमांक छ्त्त-09-9442 को अलग-अलग स्थानो में खड़ा किया था जिसे कोई चोरी कर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 529/2024 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस, अपराध क्रमांक 530/2024 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस एवं अपराध क्रमांक 531/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्व कर अज्ञात चोरो की जांच पतासाजी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भा.पु.से.), अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के द्वारा आरोपी पतासाजी एवं चोरी की वारदात रोकने हेतु पूर्व में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था। निर्देशो का पालन करते हुए थाना एवम सायबर सेल की विशेष टीम गठित किया गया, टीम द्वारा आस-पास पतासाजी किया गया पतासाजी दौरान पता चला कि आरोपीगण (1) संदीप सत्यवंशी पिता अशोक सत्यवंशी उम्र 21 साल साकिन दुल्लापुर थाना कवर्धा (2) संजय उर्फ चिकू भास्कर पिता रेखाराम भास्कर उम्र 24 साल साकिन कोयलारी थाना कुण्डा (3) रानू पटेल उर्फ मरार पिता स्व.रामकुमार पटेल उम्र 19 साल साकिन लाडगपुर थाना पंडरिया हाल घुघरी रोड अटल आवास कवर्धा थाना कवर्धा द्वारा तीनों मोटर सायकल चोरी करना पाया गया, जिन्हे विधिवत पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए तीनो के कब्जे से चोरी गये मोटर सायकल बरामद किया गया है। प्रकरण में आरोपीगण के विरूद्व विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है। भविष्य में पूरे जिले में किसी भी प्रकार की चोरी या अन्य वारदात में शामिल होने पर कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच कर आरोपियों के विरूद्व कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारी/कर्मचारी- प्र.आर. - खुबीराम साहू, वसीम अली, धन्नु दिवाकर, पीयूष मिश्रा, अभिनव तिवारीआर.- लक्ष्मण सिंह, हिरेन्द्र साहू, अजय वैष्णव, गज्जु सिंह, अमित गौतम रहे ।

# वरिष्ठ नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने सुलभ इंटरनेशनल के साथ समझौता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग और मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एक्शन सोशियोलॉजी एंड सोशियोलॉजी ऑफ सैनिटेशन के बीच भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजना के तहत यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। 19 अगस्त को इस्पात भवन में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और सभी कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिति में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता वरिष्ठ नागरिकों एवं जरूरतमंदों को पोर्टल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना के लिए किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रविन्द्रनाथ एम एवं मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल की ओर से उपाध्यक्ष सुश्री सोनम मिश्रा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रविन्द्रनाथ एम, मुख्य महाप्रबंधक डी एन करन, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरव मुखर्जी सहित मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल के वरिष्ठ अधिकारी उपाध्यक्ष सुश्री सोनम मिश्रा, वरिष्ठ लेखाकार विकास झा, अभियंता अभिषेक राज भी उपस्थित थे। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं सभी कार्यपालक निदेशकों ने इस नई पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सेक्टर-9 चिकित्सालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। अनिर्बान दासगुप्ता ने संयंत्र के चिकित्सालय की और भी सुविधाओं में वृद्धि की चर्चा करते हुए अस्पताल की सुरक्षा, साफ-सफाई और व्यवस्था पर भी ध्यान देने पर बल दिया। सुश्री सोनम मिश्रा ने अपने संबोधन में मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल के इतिहास, उद्देश्य और गतिविधियों की जानकारी दी और इस पहल के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कमेटी के सदस्य डॉ राजीव कुमार पॉल, महाप्रबंधक शिवराजन, महाप्रबंधक शाहीद अहमद, महाप्रबंधक अतुल नौटियाल, महाप्रबंधक एवं कमेटी के सदस्य विकास चन्द्रा, महाप्रबंधक अजय कुमार तथा वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े भी उपस्थित थे।

## भिलाई में सबसे बड़ा जैतखंभ स्थापित कर तीर्थ के रूप में किया जाएगा विकसित:रिकेश

**भिलाई, 20 अगस्त।** हाल ही में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समाजों को सामुदायिक भवन के लिए 5-5 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा के बाद विधायक रिकेश सेन ने सतनामी समाज के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। संवाददाताओं से चर्चा करते हुए सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा में भिलाई दुर्ग अंतर्गत लाखों परिवार बाबा घासीदास को मानता है और उनके संदेशों को आत्मसात कर उन्हें अपने जीवन में लागू करता रहा है। गुरू घासीदास के मनखे मनखे एक समान के संदेश को हम सभी मानते हैं। दिल्ली के कुतुब मीनार से भी बड़ा जैतखंभ गिरौदपुरी धाम में स्थापित है, लेकिन वहां तक अभी भी कई लोग दर्शन को नहीं पहुंच पाते हैं इसीलिए उन्होंने निर्णय लिया है कि सतनामी समाज गुरूओं और प्रमुखों से जल्द बैठक कर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में भिलाई का सबसे बड़ा जैतखंभ स्थापित कर उसे तीर्थ स्थल के रूप में डेवलप किया जाएगा ताकि सर्व समाज के लोग यहां आसानी से दर्शन लाभ ले सकें। इस हेतु जमीन? भी जल्द सर्च कर कार्य शुरू किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में अभी भी सौ से अधिक जैतखंभ स्थापित हैं, उन सभी स्थलों का सौंदर्यीकरण कर पूरे परिसर को और भी बेहतर स्वरूप दिया जाएगा।



## दुकान बीमारी का घर तो नहीं नगर निगम कर्मी कर रहे जांच



रिसाली। जिस क्षेत्र में हजारों लोगों की आवाजाही वहां बीमारी का स्त्रोत तो नहीं, इस बात की जांच की जा रही है। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसके लिए अलग से दल बनाया है। कर्मचारी छोटे दुकान से लेकर बड़े बड़े शो रूम में लार्वा की तलाश कर रहे है। एहतियात के तौर पर दवा भी छिड़क रहे हैं । दरअसल जांच के दौरान खुलासा हुआ कि कृष्णा टॉकीज रोड के कुछ दुकानों में मच्छर का लार्वा मिला है। इस बात की सूचना मिलते ही आयुक्त ने दुकानों में रखे फ्रिज, कूलर और फ्लावर पार्ट की जांच करने निर्देश दिए है। कर्मचारी अवकाश के दिनों में भी जांच करते 50 से भी अधिक फ्रिज के पीछे जमा पानी और कूलर को खाली कराकर दवा का छिड़काव कर चुके हैं। निगम कर्मी जांच में समझाइए दे रहे है कि असावधानी होने पर मच्छर पनपेगा और जानलेवा बीमारी फैलेगी। इसलिए सावधानी बरते। जांच के दौरान छोटे बड़े 15 दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि लापरवाही करने पर महामारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। त्योहारी सीजन को देखते हुए निगम कर्मी होटलों व रेस्टोरेंट में भी दबिश दे रहे है। इस दौरान टंकी और स्टेशन मरोदा में भारी गंदगी पाई गई। अधिकारियों ने 4000 रुपए जुर्माना के रूप में वसूल किया।

## खुदकुशी के लिए उकसाया,गिरफ्तार

**भिलाई, 20 अगस्त।** भिलाई पद्मनाभपुर पुलिस ने छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है करीब सप्ताहभर पहले छात्रा के साथ पढ़ने वाले छात्र ने उसका वीडियो वायरल कर दिया था, जिससे आहत होकर उसने अपने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इस प्रकरण में पुलिस ने आरोपी छात्र आकाश सिंह के खिलाफ धारा 108 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि न्यू आदर्श नगर की रहने वाली छात्रा की लाश 10 अगस्त की सुबह कमरे में फंदे से लटकी मिली उस दौरान पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू की। परिजनों ने बताया कि मृतिका के दोस्त के मोबाइल नंबर पर आकाश सिंह नाम के सहपाठी ने छात्रा का अश्लील वीडियो भेजा था। 8 अगस्त को घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने छात्रा को वीडियो के संबंध में बताया इस पर छात्रा ने बताया कि उसके साथ पढ़ने वाले आकाश नाम के लड़के ने उसका वीडियो बना रखा है। आरोपी आकाश उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता था इसके बाद छात्रा मानसिक तनाव में आकर स्वयं के दुपट्टे से गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली वीडियो वायरल करने की धमकी देता था आरोपी ।

# डीएवी स्कूल में हुआ स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल-24 एथलेटिक्स का आयोजन



**भिलाई, 20 अगस्त।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में 17 एवं 18 अगस्त को दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल 2024 (एथलेटिक्स) का आयोजन किया गया। 17 अगस्त को उद्घाटन समारोह में एलएमसी के अध्यक्ष तापस दासगुप्ता उपस्थित थे। क्लस्टर स्पोर्ट्स मीट में इस क्लस्टर के कुल 16 स्कूलों ने भाग लिया। लगभग 300 से अधिक प्रतिभागी अपने पीईटी और अनुरक्षण शिक्षकों के साथ असेंबली क्षेत्र में एकत्र हुए। उद्घाटन समारोह की शुरुआत राज गीत के गायन के आधिकारिक अभ्यास के साथ हुआ। खेल ध्वज को उस दिन के विशेष अतिथि तापस दासगुप्ता और स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका शुक्ला द्वारा फहराया गया। एकत्रित खेल चैंपियनों को अपने ज्ञानवर्धक शब्दों को साझा करते हुए दासगुप्ता ने छात्र-जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व का हवाला दिया। उन्होंने हाल ही में हुए ओलंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के अद्भुत प्रदर्शन का भी उल्लेख किया। मैडम प्रियंका शुक्ला के प्रेरक शब्दों से विभिन्न डीएवी स्कूलों के खेल के इच्छुक छात्र उत्साहित हुए। उन्होंने दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर मीट 2024 में भाग लेने वाले स्कूलों और उनके प्रतिभागियों के विवरण से भी उपस्थित लोगों को अवगत कराया। मैडम प्रियंका शुक्ला ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में खेलों के प्रति विशेष लगाव पैदा होता है तथा उनमें ऐसे सद्गुणों को विकसित करने में सहायता मिलती है, जो वर्तमान में चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक हैं। दिन की आधिकारिक शुरुआत खेल ध्वज फहराने से हुई, तत्पश्चात मैदान में उपस्थित सभी खेल प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। शपथ विद्यालय के हेड बॉय आदर्श कुमार ने पढ़ी। दूसरे दिन एथलेटिक्स की बाकी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। एआरओ डॉ. बी.पी. साहू की मौजूदगी से यह दिन और भी महत्वपूर्ण हो गया।

# दुष्कर्म के बाद डॉक्टर की हत्या के विरोध में महिला संगठनों ने किया प्रदर्शन




भिलाई, 20 अगस्त । कोलकाता में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के विरोध में शहर की विभिन्न महिला संगठनों ने ग्लोब चौक सेंट्रल एवेन्यू पर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने एकजुटता दिखाते हुए जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ फांसी की सजा की मांग की। मुख्य रूप से अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी, नया सवेरा, महिला जागृति, बौद्ध समाज, बीबी फातिमा जोहरा कमेटी, बामसेफ (शैडो) भिलाई नगर, महिला सशक्तिकरण संघ जिला दुर्ग और महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति भिलाई-दुर्ग की पदाधिकारियों व सदस्यों ने यहां प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा तो खूब सुनाई देता है लेकिन ये नारा तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक बेटियों की सुरक्षा कर उनको बचाया नहीं जाएगा। महिलाओं ने कहा कि न सिर्फ कोलकाता बल्कि देश में कहीं भी बेटियों के साथ अमानवीय हरकतें हो रही हैं, इन सभी आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए, जिससे न्याय की मिसाल कायम हो। इस दौरान अल मदद से अंजुम अली अध्यक्ष, सचिव कौसर खान, डॉ. अमरीन, डॉ. माहीन, आयशा सिद्दीकी, शिफा सिद्दीकी फार्मासिस्ट, शाहीन खान, कैसर इकबाल, रुबीना, फरहीन, आयशा आलम, जुल्फी, उज्मा, रिदा, शमीम अशरफी, रुखसाना, सुल्ताना, सायरा बानो,बीबी फातिमा ज़ोहरा कमेटी से कौसर, नया सवेरा से मौसमी टंडन,बामसेफ (शैडो) भिलाई नगर से नादिया, बौद्ध संगठन से जयश्री बौद्ध, डा. सरोज बौद्ध,लीना वैद्य, पुनम ढोके,शालू दामले,ज्योत्स्ना मेश्राम, कुसुम गजभिए और उज्जवला लव्हाले सहित विभिन्न महिलाओं की भागीदारी रही।

# बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल फेज्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग सुविधा का उद्घाटन



**भिलाई, 20 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल में वेल्ड ज्वाइंट्स के फेज़्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (पीएयूटी) सुविधा का उद्घाटन 16 अगस्त को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र में इस परीक्षण के शुरुआत के साथ वेल्ड ज्वाइंट्स हेतु पीएयूटी सुविधा शुरू करने की भारतीय रेलवे की लंबे समय से लंबित आवश्यकता अब पूरी हो गई है। वेल्ड ज्वाइंट्स के परीक्षण की यह विधि फ्लैश बट वेल्ड ज्वाइंट्स की गुणवत्ता में विश्वनीयता के स्तर में वृद्धि करेगी और भारतीय रेलवे, जो देश की रीढ़ है, के रेल नेटवर्क में सुरक्षा बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगी 7 उद्घाटन के अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक, अनीश सेनगुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया 7 इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने यूआरएम में पीएयूटी सुविधा के सफलतापूर्वक कमीशनिंग के लिए यूआरएम की पूरी टीम समेत अन्य एजेंसियों को भी बधाई दी। कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तीदार, मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक समीर गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक रवि शंकर समेत राइट्स के महाप्रबंधक विशाल गुप्ता, महाप्रबंधक सिद्धार्थ मुखोपाध्याय, महाप्रबंधक रजत मुखर्जी तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। दी।

## धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**कवर्धा, 20 अगस्त।** राखबंधन पर्व के दिन बहनों ने भाई के हाथो में राखी बांधकर धूमधाम से रक्षाबंधन पर्व मनाया । बहने भाईयो के यहा पहुंचकर भाईयो के हाथो में राखी बांधी और यदि बहन दूर रहने के कारण भाई के पास नही पहुंच पाती है तो भाई बहन के यहां पहुंचकर रक्षाबंधन पर्व मनाया । कही छोले की सब्जी कही मटर पनीर की सब्जी बनी और खीर और मिठाई खाकर धूमधाम से राखी पर्व मनाया गया । होटलों में भारी भीड़ दिखी और दुग्ध , सेवई , मिठाई की बिक्री से व्यापारी खुश दिखे ।

## बोड़ला एसडीएम गीता ने फहराया तिरंगा



**कवर्धा, 20 अगस्त।** बोडला में तहसील कार्यालय के प्रांगण में एसडीएम गीता रायस्त ने तिरंगा फहराया और ध्वजारोहण कार्यक्रम में = राजस्व निरीक्षक कृष्णा धुर्वे , अशोक कौशिक , बाबू कृष्णा शर्मा , पायल श्रीवास्तव , शकुन जायसवाल , लिपिक देवेंद्र कोहले , लिपिक सुंदर मरकाम सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । एसडीएम ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया । सभी अधिकारी कर्मचारियों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी ।



## पीएचई सहायक अभियंता ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

**कवर्धा, 20 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोडला में पीएचई आफिस के प्रांगण में एसडीओ गोपाल प्रसाद ठाकुर ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में उप अभियंता टोमन लाल कुंजाम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । अधिकारी और कर्मचारियों ने एक दूसरे को हार्दिक बधाई देते हुए स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया ।



## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग में शान से लहराया तिरंगा

**कवर्धा, 20 अगस्त।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग में कार्यपालन अभियंता एस के ठाकुर ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में एसडीओ मनोज सोनी , एसडीओ संतोष गुप्ता , उप अभियंता रितेश नायडू , उप अभियंता सागर यादव , लेखापाल पूर्णिमा सोनी , सतीश बांधेकर , दुर्गेश निर्मलकर , गिरीश मोहनिया , नंद कुमार चौरिया उपस्थित रहे ।

## सरकारी नौकरी के नाम पर की ठगी

**भिलाई, 20 अगस्त।** भिलाई छावनी थाना अंतर्गत सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर प्रार्थी की पत्नी की सहेली ने उसकी बेटी की नौकरी वनरक्षक के पद पर लगवाने का झांसा देकर 1.78 लाख रुपए की रकम ऐंठ ली। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है पुलिस ने बताया कि बैंकुंठ नगर कैम्प 02 निवासी अजय कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी किरण गुप्ता की आरोपी मोनिक सोनी उर्फ मोनिका गुप्ता से जान पहचान थी मई 2023 में छत्तीसगढ वनरक्षक के पद पर भर्ती निकली वनरक्षक के पद पर उसकी बेटी की नौकरी लगवाने का उसने झांसा दिया मोनिका ने बताया कि उसके मामा डिप्टी रेंजर हैं उनसे कहकर आपकी लड़की का नौकरी लगवा दूंगी इसके एवज में 2 लाख रुपए देने की बात कही पहले तो उसकी पत्नी ने इंकार कर दिया, लेकिन मोनिका गुप्ता द्वारा बार-बार मेरे घर आकर मेरी पत्नी को बहला फुसलाती रही इसके उसकी बातों पर विश्वास कर पिछले वर्ष 2 जून को एक लाख रुपए नगद और 15 जून को 78 हजार रुपए कुल 1.78 लाख रुपए दे दिए वर्षभर का समय गुजरने के बाद भी न बेटी की नौकरी और न ही पैसे वापस किए इस बीच दबाब बनाने पर मोनिका गुप्ता ने एक लाख रुपए का चेक दिया बैंक में कैश कराने पर बाउंस हो गया। इस पर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी आरोपी ने लाख रुपए में हो दिया था एक का चेक, बैंक गया बाउंस।



**जामुल ।** नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर अपने बहनों से रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर राखी बंधवाते हुए।

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

सरपंच एवं सचिव
जनपद पंचायत
सुकमा

सरपंच एवं सचिव
जनपद पंचायत
छिंदगढ़

सरपंच एवं सचिव
जनपद पंचायत
कोंटा

जिला-सुकमा (छत्तीसगढ़)

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
सुकमा
जिला-सुकमा



उपविक्रेताः सुकमाः आकाश होंडा-9424287457,7587341845

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
(सीईओ)
जनपद पंचायत
सुकमा-छिंदगढ़-कोन्टा
जिला-सुकमा

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
कार्यपालन अधिकारी
सहायक कार्यपालन अधिकारी
लोक निर्माण विभाग-सुकमा
एवं समस्त ठेकेदार
लोक निर्माण विभाग-सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
कार्यपालन अधिकारी
सहायक कार्यपालन अधिकारी
एवं इंजीनियर
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
सुकमा,जिला-सुकमा (छ.ग.)
सौजन्यः कार्यपालन अधिकारी-सुकमा

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
समस्त अधीक्षक
जिला आवासीय पोटा केबिन
सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)
सौजन्यः समस्त अधीक्षक आवासीय पोटा केबिन,सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत-गोगला,जिला -सुकमा (छ.ग.)

आयताराम वोगरी
सरपंच

जगदीश नायक
सचिव
उपाध्यक्ष एवं पंचगण-ग्राम पंचायत गोगला

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत-केरलापाल,जिला -सुकमा (छ.ग.)

श्रीमती कीर्तिय
सरपंच

गोपाल अजमेरा
सचिव
उपाध्यक्ष एवं पंचगण-ग्राम पंचायत केरलापाल

## संपादकीय


# लेटरल इंट्री सोचा यूपीए ने पर अमल एनडीए कर रहा

राजनीति में अगर कोई राजनीतिक दल या नेता कोई मुद्दा उठा रहा है तो उसे चेक कर लेना चाहिए कि जिसकी वह आलोचना कर रहा है कहीं उसकी शुरुआत उसके दल ने तो नहीं की थी, इसका विचार उसकी पार्टी के नेताओं को तो नहीं आया था, राहुल गांधी अक्सर कोई मुद्दा उठाते हैं तो वह चेक नहीं करते हैं कि इसका कोई संबंध कांग्रेस से तो नहीं रहा है। एक बार नहीं बार बार राहुल गांधी ऐसा करते हैं और खुद को परेशानी में फंसते हैं, अपनी पार्टी की भी परेशानी बढ़ाते हैं। लेटरल इंट्री का मुद्दा ऐसा ही मुद्दा है।संघ लोक सेवा आयोग ने १७ अगस्त २४ को एक विज्ञापन जारी किया है जिसमें केंद्र सरकार के २४ मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक, उपसचिव के ४५ पदों के लिए लेटरल इंट्री के जरिए भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए हैं। राज्य और केद्र शासित सरकारों,सार्वजनिक कंपनियों,रिसर्च इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी और निजी क्षेत्र में काम करने वाले अ?भवी व योग्य लोगों से आवेदन मंगाया गया है।इसके लिए जो भी योग्य व अनुभवी लोग हैं, सभी आवेदन कर सकते हैं, ऐसा तो हैं नहीं कि एससी,एसटी, ओबीसी लोगों से कहा गया है कि वे आवेदन नहीं कर सकते। यहां गौर करने वाली बात यह है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ही सबसे पहले लेटरल इंट्री का विचार लेकर आई थी।साल २००५ में दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी)का गठन किया था, इसके अध्यक्ष वीरप्पा मोईली थे, इस कमीशन ने प्रशासनिक सुधार के लिए जो सिफारिशें की थी, उसमें लेटरल इंट्री की भी सिफारिश थी। सवाल उठता है कि अगर लेटरल इंट्री गलत बात थी, आरक्षण व संविधान के खिलाफ बात थी, तब कांग्रेस के समय इसकी सिफारिशों को गलत क्यों नहीं माना गया था। तब तो किसी ने इसकी आलोचना नहीं की थी। इसे देश में प्रशासनिक सुधार के लिए जरूरी माना गया था।राहुल गांधी तो तब भी कांग्रेस के बड़े नेता थे तब उन्होंने इसे गलत क्यों नहीं कहा। अगर यह लेटरल इंट्री कांग्रेस के समय सही थी वह आज भी सही है।अगर तब गलत थी तो इसे गलत क्यों नहीं बताया गया था।सोचने वाली बात यह भी है कि मोदी सरकार ने अभी कोई पहली बार तो लेटरल इंट्री से भरती नहीं कर रही है,उसने तो १८ में भी ९ लोगों की लेटरल इंट्री से भर्ती की थी, राहुल गांधी तो तब भी कांग्रेस के बड़े नेता थे. तब राहुल गांधी ने इसका विरोध क्यों नहीं किया था। जहां तक सीधी भर्ती की बात है तो मोदी ने तो सीधी भर्ती के लिए एक पारदर्शी सिस्टम बनाया है।उसने सीधी भर्ती कभी छिपाकर नहीं की है। वह तो जैसे और सरकारी पदों के लिए विज्ञापन निकालती है, उसी तरह विज्ञापन निकालती है। उसमें एससी, एसटी, ओबीसी, सामान्य, सरकारी, निजी सभी क्षेत्र के योग्य व अनुभवी लोगों से आवेदन मंगाया जाता है। राजनीति से ऊपर उठकर जरा सोचने की जरूरत है कि क्या जिस पद के लिए योग्य व अनुभवी आदमी की जरूरी है,उन पदों पर योग्य व अनुभवी आदमी की नियुक्ति ही की जानी चाहिए। यह देशहित व जनहित में जरूरी है।जहां विशेषज्ञ की जरूरत है, वहां सामान्य आदमी की नियुक्ति कैसे की जा सकती है। कई बार तत्काल विशेषज्ञ की जरूरत होती है,तत्काल जरूरत पूरी करने के लिए ही कांग्रेस ने लेटरल इंट्री के बारे में सोचा था। यही नहीं कांग्रेस के सम? भी बिना यूपीएससी के कई उच्च पदों पर पचासों लोगों की सीधी नियुक्ति की गई थी, तब भी राहुल गांधी कांग्रेस के नेता थे, तब राहुल गांधी ने इसे गलत क्यों नहीं कहा था,गलत बात तो हमेशा गलत होती है, ऐसा तो होता नहीं है कि कोई बात कांग्रेस के समय सही थी और भाजपा के समय गलत हो जाए। कांग्रेस को सही गलत से कोई मतलब नहीं होता है,वह तो अपनी सुविधा के हिसाब से राजनीति करती है।जब उसे कैबिनेट के ऊपर एक समिति की जरूरत थी तो वह भूल गई कि संविधान में ऐसी व्यवस्था नहीं है, तब उसने कैबिनेट के ऊपर सोनिया गांधी को सुपर पीएम बनाने के लिए समिति बना दी थी,आज राहुल गांधी संविधान की प्रति हाथ में लेकर संविधान के रक्षक बने फिरते हैं। कांग्रेस को अपने समय में विशेषक्ष लोगों की जरूरत थी तो उसने कई लोगों की सीधी नियुक्ति की आज मोदी सरकार को जरूरत है तो राहुल गांधी आरक्षण की चिंता कर रहे हैं। परेशान हैं कि उच्च पदों पर आरक्षित वर्ग के लोग क्यों नहीं है, उन्हें कोई बताता नहीं है कि आज उच्च पदों पर आरक्षित वर्ग के लोग नहीं हैं या कम हैं तो इसके लिए कांग्रेस ही दोषी है क्योंकि कांग्रेस ने चाहा नहीं कि आरक्षित वर्ग के लोग उच्च पदों पर आएं।

विश्लेषण

# अल्पसंख्यकों की सुरक्षा यानी देश का मान सम्मान

तनवीर जाफरी



पड़ोसी देश बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना की आवामी लीग सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश में व्यापक हिंसा हुई । वहां नौकरियों में विवादित आरक्षण व्यवस्था पर हुये राष्ट्रव्यापी विरोध तथा अपनी सरकार के विरुद्ध हुए व्यापक हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफ़ा देकर 5 अगस्त को भारत आ गई थीं। इस हिंसा के दौरान बांग्लादेश में आवामी लीग से जुड़े अनेक नेताओं सहित स्थानीय अल्पसंख्यकों विशेषकर हिंदू समुदाय के लोगों व उनके घरों व व्यवसायिक ठिकानों पर भी अनेक हमले हुए हैं। बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस नाम के एक ग़ैर -राजनीतिक हिन्दू संगठन के दावों के अनुसार पांच अगस्त को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से 48 जिलों में 278 स्थानों पर अल्पसंख्यक समुदाय को या तो हमलों अथवा धमकियों का सामना करना पड़ा है। निश्चित रूप से यह अत्यंत निंदनीय व गहन चिंता का विषय है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुये हमले की गंभीरता को इस बात से भी समझा जा सकता है कि इसकी धमक संयुक्त राष्ट संघ में भी सुनाई दी है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल क़िले से अपने सम्बोधन में कहा कि ह्यह्यबांग्लादेश में जो कुछ हुआ है उसको लेकर पड़ोसी देश के नाते हमें चिंता होना स्वाभाविक है। मैं आशा करता हूं कि वहां हालात जल्द सामान्य होंगे। 140 करोड़ देशवासियों की चिंता यह है कि वहां हिंदू, अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो। " प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि ह्यह्यभारत हमेशा चाहता है कि हमारे पड़ोसी देश सुख और शांति के मार्ग पर चले। शांति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है, हमारे संस्कार हैं। आने वाले दिनों में बांग्लादेश की विकास यात्रा के लिए हमेशा हमारी शुभेच्छा रहेगी, क्योंकि हम मानव जाति की भलाई के बारे में सोचने वाले लोग हैं। प्रधानमंत्री मोदी की इस चिंता का ही परिणाम था कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोङ्क मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की और बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व संरक्षण का आश्वासन दिया। प्रोङ्क मोहम्मद यूनुस हिन्दू समुदाय के साथ एकजुटता दिखाते हुए बांग्लादेश के सबसे प्रमुख हिंदू मंदिर ढाकेश्वरी मंदिर भी गए और हिंदू समुदाय के लोगों को बंगलादेश के परिवार का सदस्य बताते हुये उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन भी दिया। परन्तु बांग्लादेश की घटनाओं को लेकर हमारे देश में चिंताओं के साथ साथ अफ़वाहों का बाजार भी बहुत गर्म रहा। केवल सोशल मीडिया ही नहीं बल्कि वाट्सएप जैसे फेक न्यूज फैलाने वाले माध्यम को ही आधार मानकर देश के अनेक गोदी मीडिया चैनल्स ने उन्हीं फेक न्यूज को प्रसारित कर भारत में भी तनाव बढ़ाने की पूरी कोशिश की। ऐसे अनेक टी वी चैनल व अखबार जिनके नेटवर्क बांग्लादेश में नहीं हैं वे सभी वाट्सएप व फेक न्यूज का सहारा लेकर विचलित कर देने वाली झूठी वीडिओ चलाकर अपना एजेंडा थोपने में लगे थे।

भारत में इसी तरह के झूठ को प्रसारित कर यह भ्रम फैलाने की कोशिश की गयी कि बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार हो



रहा है तथा वहां हिन्दू महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया जा रहा है। हद तो यह है इस झूठे प्रचार तंत्र ने 2021 के अपने ही देश में बंगलौर में हुये एक सामूहिक बलात्कार के विडिओ क्लिप को बांग्लादेश में हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार का क्लिप बताकर प्रसारित कर दिया ? बांग्लादेश में वहां की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मशरफे मुतर्जा के घर में आग लगा दी गयी। मुतर्जा 2 बार आवामी लीग के सांसद चुने गए थे तथा शेख हसीना के क़रीबी लोगों में थे। इसीलिये प्रदर्शनकारियों ने उन्हें निशाना बनाया परन्तु भारत में यह दिखाया गया कि बांग्लादेश टीम के हिन्दू क्रिकेटर लिटन दास के घर को जला दिया गया। मजे की बात तो यह है कि भारत में अपने घर को जलने की खबर खुद लिटन दास अपने ही घर में भारतीय टीवी चैनल पर देखते नजर आये। क्या यही विश्वसनीयता है हमारे देश के फरेबी बेलगाम पूर्वाग्रही मीडिया की ? इसी तरह बांग्लादेश के मशहूर शहर चिटगांव में शेख हसीना के एक क़रीबी सलमान फजलुर्रहमान की दुकान में आग लग दी गयी देश के एक साम्प्रदायिकता भड़काने वाले टीवी चैनल ने इसे हिन्दू व्यक्ति का घर जलाने के नाम से प्रसारित कर हमारे देश में नफरत फैलाई। वहां का एक प्रसिद्ध राज कॉफी एंड रेस्टूरेंट शॉप को आग लगाई गयी उस रेस्टूरेंट भवन को मंदिर भवन में आग लगना बताया गया। इसी तरह एक वीडिओ हिन्दू महिला के अपहरण की वीडिओ बताकर चलायी गयी। जबकि यह छ महीने पुराना वीडिओ था जिसमें किसी हिन्दू समुदाय के एक नशेड़ी पति द्वारा अपनी ही पत्नी का अपहरण कराया गया था जो उसे छोड़कर चली गयी थी। एक पूरे मुस्लिम परिवार को मारा गया उसे हिन्दू परिवार बताया गया। एक विडिओ हिन्दू व्यक्ति को तालाब में पत्थर मार मारकर डुबोने की बताकर वायरल की गयी। जबकि यह मौलवी बाजार जिला बांग्लादेश की वीडिओ है जिसमें आवामी लीग का सेक्रेटरी जोकि स्थानीय मेयर भी है, उसे लोग तालाब में पत्थर मार कर उसे डुबोना चाह रहे हैं। ऐसे सैकड़ों झूठे मनगढ़ंत समाचार चलाकर बांग्लादेश के बहाने भारत में नफरत फैलाने की कोशिश उसी वर्ग द्वारा की गयी जो दिन रात अपने इसी एकमात्र उद्देष्य में लगा हुआ है। सवाल यह भी है कि जब मुख्य मीडिया व आई टी सेल के प्रचारतंत्र द्वारा बार बार बांग्लादेश की हिंसा को हिन्दू विरोधी बताकर वहां 'हिन्दुओं का नरसंहार' व 'महिलाओं का सामूहिक बलात्कार' बताया गया। देश में सैकड़ों जगह प्रदर्शन कर 'बांग्लादेश में नरसंहार' व 'हिन्दू महिलाओं का सामूहिक बलात्कार' जैसे शब्द प्रयोग में लाये गए तो आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में वह शब्द क्यों नहीं इस्तेमाल किये ? विदेश मंत्री जयशंकर ने इन शब्दों का प्रयोग क्यों नहीं किया ? उसी बांग्लादेश से ऐसे वीडिओ व चित्र भी आये जहां स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोग दिन रात मंदिरों की रखवाली करते दिखाई दिये ? सेना की टुकड़ी मंदिर की रक्षा करते व फौजी सौहादर्पूर्ण वातावरण में पुजारी के हाथों जलपान करते दिखाई दिये। इसे दिखने में फरेबी मीडिया ने इतनी तत्परता क्यों नहीं दिखाई ? बेशक अल्संख्यकों की सुरक्षा हर देश की सत्ता की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिये। चाहे वह बांग्लादेश हो, पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान,लंका या फिर भारत। और हर देश की सरकारों को इस जिम्मेदारी को प्राथमिकता के आधार पर कर्तव्य की तरह निभाना चाहिये। इसमें सरकार का ही नहीं बहुसंख्यक समाज का भी भरपूर योगदान होना चाहिये। जिस भी देश में जो भी साम्प्रदायिकतावादी शक्तियां हैं उन्हें परास्त करना चाहिये क्योंकि इनकी वजह से ही दुनिया में उस देश की बदनामी होती है। सवाल अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का ही नहीं बल्कि देश के मान सम्मान का भी है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको कामों को पूरा करने के लिए मेहनत करनी होगी, तभी आपको सफलता मिल सकता है। यदि आपके आसपास में कोई वाद विवाद हो, तो आप उसमें चुप रहें, तो बेहतर रहेगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति के मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। व्यवसाय में आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने आर्थिक स्थिति को लेकर सचेत रहें और अपने धन का निवेश सोच समझकर करें। आपको मान सम्मान मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपनी दिनचर्या में कोई बदलाव कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। बिजनेस में आपकी कोई नई डील फाइनल हो सकती है, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको अपने गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याओं को लेकर अपने जीवनसाथी से बातचीत करनी होगी। आपकी संतान के किसी परीक्षा के परिणाम आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई उपहार मिल सकता है। आपको किसी सरकारी क्षेत्र में निवेश करने का मौका मिलेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए तनाव दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने कामों में सोच समझ कर चलने की आवश्यकता है। आप अपने खान-पान पर ध्यान न देने के कारण कुछ सेहत समस्याएं बढ़ायेंगे। कारोबार में आपको अपने सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा। आप अपने बिजनेस को विदेशों तक फैलाने में कामयाब रहेंगे। आप अपने कामों में आगे बढ़ेंगे। आपका कोई सहयोगी आपकी किसी बात को लेकर नाराज रहेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी से धन संबंधित कोई डील फाइनल हो सकती है। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे। परिवार में कुछ समस्या आने के कारण आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। आप अपने प्रेमी के साथ कहीं घूमने फिरने जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको किसी से अपने मन की बात को कहने से बचना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके आय को बढ़ाने वाला रहेगा। ससुराल पक्ष से भी आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है, लेकिन परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप संतान से किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपका मन इधर-उधर भटकने के कारण आपके काम समय से पूरे नहीं होंगे। आपकी पढ़ाई में कुछ विघ्न आ सकते हैं। आप अपने खर्चों को लेकर सतर्क रहें।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको कुछ उलझन रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। यदि आप किसी लंबी दूरी पर जाने की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं, तो उसमें आपको सावधान रहना होगा, नहीं तो आपकी कोई प्रिय वस्तु खोने व चोरी होने की संभावना है। आपके दिए गए सुझावों का परिवार में स्वागत होगा। आपको अपने पिताजी से अपने मन की बात को कहने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। आपके किसी नए काम के प्रयास रंग लायेंगे, लेकिन अचानक से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपके परिवार में लोग आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। आपका कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। सामाजिक क्षेत्र में कार्यकर्ता लोगों को उनके कामों के कारण पुरस्कार भी मिल सकता है। आप अपने व्यवसाय में मन मुताबिक लाभ मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको अपने साथी की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग किसी से कोई बात बोलने से पहले सोच विचार अवश्य करें। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों में सोच समझकर आगे बढ़ना होगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से लटक रहा था, तो वह पूरा हो सकता है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अपने कामों में किसी अजनबी से मदद लेने से बचना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर चिंता सताएगी और महिला मित्रों से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। भाई बहनों का आपको पूरा साथ सहयोग मिलेगा। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों को भाग्य के भरोसे ना छोड़ें। जीवनसाथी को करियर में यदि समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी अपने किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप अपने परिवार में किसी सदस्य से कोई जिद ना करें, नहीं तो उन्हें आपकी बात बुरी लग सकती हैं। आपको अपने सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई जोखिम उठाने से बचना होगा। आपके विरोधी आपके कामो में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। आप किसी की कही सुनी बातों में न आए।

# धीमा न्याय निर्भयाओं को कर रहा कमजोर, हैवानियत को अंजाम तक पहुंचना चाहिए

प्रियंका सौरभ

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम (2013) जैसे प्रगतिशील कानूनों के अस्तित्व के बावजूद, निगरानी , जवाबदेही और संस्थागत समर्थन की कमी के कारण उनका कार्यान्वयन कमजोर बना हुआ है। राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन में पाया गया कि कई कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है , जो यौन उत्पीड़न अधिनियम को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं के भीतर भ्रष्टाचार, हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकता है, तथा प्रभावशाली अपराधी अक्सर रिश्वत या राजनीतिक संबंधों के माध्यम से कानूनी परिणामों से बच निकलते हैं।

कई कानून प्रवर्तन अधिकारियों और न्यायिक कर्मियों में लैंगिक मुद्दों पर पर्याप्त प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अभाव है, जिसके कारण पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पैदा होती है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों का अनुचित तरीके से निपटारा होता है। पुरुषों के वर्चस्व और महिलाओं पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने वाले पितृसत्तात्मक मानदंड ,महिलाओं के खिलाफ हिंसा के जारी रहने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानदंड अक्सर अपमानजनक व्यवहार को उचित ठहराते हैं या कम करते हैं, परिवार के पुरुष सदस्यों पर आर्थिक निर्भरता अक्सर महिलाओं को हिंसा सहने के लिए मजबूर करती है, क्योंकि अपमानजनक स्थिति से बाहर निकलने पर वित्तीय अस्थिरता या अभाव हो सकता है ।विशेषकर यौन हिंसा के पीड़ितों को अक्सर सामाजिक कलंक और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें अपराधों की रिपोर्ट करने या न्याय मांगने से हतोत्साहित करता है। मीडिया में महिलाओं और हिंसा के बारे में प्रस्तुतीकरण अक्सर मामलों को सनसनीखेज बना देता है, कभी-कभी मुद्दे की गंभीरता को कमतर आंकता है या पीड़ितों के बारे में नकारात्मक रूढ़िवादिता को मजबूत करता है। विशेष रूप से यौन हिंसा की रिपोर्टिंग से होने वाले रुढ़िवादी सांस्कृतिक कलंक के कारण कम रिपोर्टिंग होती है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के प्रवर्तन में बाधा आती है। यौन हिंसा की अनुमानित घटनाओं और रिपोर्ट किए गए मामलों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाता है, जो रिपोर्टिंग में सांस्कृतिक बाधाओं को उजागर करता है। अपर्याप्त फंडिंग और स्टाफिंग सहित संस्थागत संसाधन की कमी , कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों का जवाब देने की क्षमता को सीमित करती है। कई पुलिस स्टेशनों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों को संभालने के लिए समर्पित महिला अधिकारियों या विशेष प्रकोष्ठों की कमी है , जिसके कारण मामले को ठीक से नहीं निपटा जा पाता है। राजनीतिक प्रभाव और भ्रष्टाचार के कारण अक्सर कानूनों का चयनात्मक प्रवर्तन होता है , जहां शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़े मामलों को या तो दबा दिया जाता है या खराब तरीके से जांच की जाती है। महिलाओं में कानूनी जागरूकता की कमी, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, न्याय पाने की उनकी क्षमता को सीमित करती है और इसके परिणामस्वरूप उन्हें बचाने के लिए बनाए गए कानूनों का कम उपयोग होता है। कई महिलाएं महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 जैसे कानूनों के तहत अपने अधिकारों से अनजान हैं , जिसके कारण रिपोर्ट करने और कानूनी सहारा लेने की दर कम है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण , संवेदनशीलता और संसाधन आवंटन के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए: पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो द्वारा आयोजित पुलिस अधिकारियों के लिए नियमित लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम , महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों से निपटने में सुधार कर सकते हैं। व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने जैसी आर्थिक सशक्तिकरण पहल , महिलाओं की अपमानजनक रिश्तों पर निर्भरता को कम कर सकती है और उन्हें अपने अधिकारों का दावा करने में सक्षम बना सकती है। सरकार और नागरिक समाज संगठनों को महिलाओं के बीच कानूनी साक्षरता बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, ताकि वे अपने अधिकारों और उनके लिए उपलब्ध कानूनी रास्तों के बारे में जागरूक हों। महिला अधिकार पहल जैसे गैर सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित कानूनी जागरूकता शिविर महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 जैसे कानूनों के बारे में शिक्षित करने में मदद करते हैं । सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम जो पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देते हैं और लैंगिक समानता को बढ़ावा देते हैं , एक सांस्कृतिक बदलाव ला सकते हैं जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा को हतोत्साहित करता है। संस्थानों के अंतर्गत मजबूत निगरानी और जवाबदेही तंत्र स्थापित करने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और किसी भी चूक को तुरंत संबोधित किया जाए। कार्यस्थलों पर आंतरिक शिकायत समितियों की स्थापना , जैसा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 द्वारा अनिवार्य है , अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित ऑडिट के साथ, कानून की प्रभावशीलता में सुधार कर सकता है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो संस्थागत और सामाजिक दोनों कारकों से निपटता है। कानून प्रवर्तन को मजबूत करना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और सांस्कृतिक परिवर्तन को बढ़ावा देना महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में आवश्यक कदम हैं । सरकार, नागरिक समाज और समुदायों के ठोस प्रयासों से, भारत एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ सकता है जहाँ महिलाएँ भय और हिंसा से मुक्त रहें , उनके अधिकार और सम्मान पूरी तरह सुरक्षित हों ।

गंभीर मुद्दा

# मेरा भारत महान :अंधा कानून गूंगा सिस्टम और बहरा लोकतंत्र !

तनवीर जाफरी

मनोज कुमार अग्रवाल



आप को यह व्याख्या कड़वी लग सकती है लेकिन इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में जितना अन्याय लोक के साथ किया जा रहा है उसे शब्दों में व्यक्त कर पाना संभव नहीं है। यहां कानून अंधा है जिसे साक्ष्य देखने के लिए महाभारत का संजय चाहिए जो शब्द बा शब्द घटना बयान करे क्योंकि कानून का तराजू व्यवस्था के धृतराष्ट्र के हाथों में सौंप दिया गया है और भीष्म पितामह लोकतंत्र की इस असफल व नाकाम व्यवस्था को बनाए रखने के लिए दुर्योधन और दुशासन के समक्ष आत्मसमर्पण की मुद्रा में घुटने टेक कर खड़े हैं। समूचे देश में इन दिनों कोलकाता के मेडिकल कालेज में युवती डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी व बर्बरता को लेकर आक्रोश गहरा रहा है। दरअसल देश में महिला उत्पीड़न दोष कानूनों में नहीं, उन्हें लागू करने वाले सिस्टम में है। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण व शमर्नाक है कि ऋषि-मुनियों की सत्य सनातन परम्परा वाले हमारे देश में महिलाओं का शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न लगातार जारी है। जब तक कोई इतनी गंभीर और जघन्य हिंसक घटना न हो जाए जिसमें किसी पीड़िता की नृशंसता से हत्या न हो जाए तब तक लोगों का ध्यान उस घटना की ओर नहीं जाता।अभी हाल ही में कथित कानून के राज वाले राज्यों में भी पुलिस अधिकारियों और सत्ताधीशों के दरवाजे पर कई महिलाओं युवतियों ने जहर खाकर तो कभी पैट्रोल छिड़क कर आत्मदाह कर लिया है। क्या कोई युवती बेवजह अपनी जान देगी? क्या आत्मदाह या जहर खाकर आत्महत्या करना हंसी मजाक है? लेकिन जब अंधी व्यवस्था में अपने ऊपर बीते जुल्म की कोई सुनवाई नहीं होती है तब कोई युवती या महिला बहरे तंत्र की नींद तोड़ने के लिए ऐसा कदम उठाने को मजबूर होती है। एक बात यह भी है कि इस तरह की अमानवीय घटनाओं के मामले में राजनीतिक फायदे के लिए आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला हमेशा जारी रहता है। आरोपियों को बचाने के लिए किसी तरह से मामला लटकाने की कोशिश की जाती है। इस का परिणाम यह होता है कि सबूत गायब हो जाते हैं और मामले कमजोर पड़ जाते हैं।आखिर हमारे समाज में यौन अत्याचार और हिंसा की इतनी अधिक दुर्भावना आई कहां से? क्यों ऐसा है कि एक छोटी बच्ची से लेकर बड़ी आयु की महिला तक के साथ इस प्रकार की दरिंदगी की जा रही है।

इसका कारण यह है कि हमारा समाज पितृ प्रधान है। इसमें पुरुष जो चाहते हैं वही होता है। कामकाजी महिलाओं के बारे में हमारे समाज में यही समझा जाता है कि वे 2-4 वर्ष काम करने के बाद शादी करके घर पर बैठ जाएंगी। एक बंधी बंधाई विचारधारा सी बन गई है जिसमें हमारा समाज महिलाओं को समानता का अधिकार नहीं देना चाहता।

हमारी पितृसत्ता की परम्परा ही इस के लिए दोषी है महिलाओं का शोषण घर से ही शुरू होता है। पढ़ाई-लिखाई, अधिक स्वतंत्रता तो दूर की बात है अपने शरीर, समय और विरासत पर भी कोई अधिकार समाज उसे नहीं देना चाहता।इस तरह के हालात में उचित रूप से यह पूछा जा सकता है कि इस समय कोलकाता के सरकारी कालेज में बलात्कार की शिकार डाक्टर युवती के पक्ष में प्रदर्शन करने वाले पुरुष और महिलाओं के साथ ममता बनर्जी प्रदर्शन क्यों कर रही हैं? सरकार भी उनकी, पुलिस भी उनकी तो फिर कारर्वाई क्यों नहीं हो रही। प्रश्न यह भी है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामले में पुलिस क्यों हमेशा लाचार हो जाती है?

पश्चिमी बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जबाव देना चाहिए कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद सबूत मिटाने के लिए इतनी बड़ी संख्या में भीड़ हमला करने आ गई और उसे रोकने के लिए पुलिस ने कोई इंतजाम नहीं किया।यह हालात बताते हैं कि ममता बनर्जी की प्रशासनिक क्षमता खत्म हो गई है उनका प्रशासनिक तंत्र पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं है ?यह कितना शमर्नाक है कि हर बार जब भी बलात्कार का कोई केस होता है, तो उसकी थोड़ी-बहुत चर्चा मीडिया में आती है परंतु अंत में मीडिया वाले तथा अन्य सभी चले जाते हैं और केवल न्याय के लिए तरस रही पीड़िता तथा उसके परिवार वाले ही अकेले रह जाते हैं।कई बार तो उलटे पीड़िता पर ही सवाल उठाए जाते हैं कि वह देर से घर से निकली होगी, परिधान ठीक नहीं पहने होंगे, वह अमुक जगह क्यों सो रही थी, जैसा कि कोलकाता के अस्पताल बलात्कार कांड में हुआ है। जहां कालेज प्रबंधन ने महिला डाक्टरों के रहने के लिए कमरा नहीं बनवाया था, जबकि पुरुष डाक्टरों के लिए यह व्यवस्था थी।यहां तक कि महिला डाक्टरों के लिए बाथरूम तक नहीं था। यदि सुविधाएं ही नहीं होंगी, तो महिला सुरक्षा सम्बन्धी कानून कैसे लागू किए जा सकेंगे ?

पश्चिम बंगाल की सरकार यह कह रही है कि दोषी को फांसी दे दो परंतु जब तक दोषी को यह संदेश नहीं जाएगा कि बलात्कार करके वह बच नहीं सकता और हर हालत में सजा मिल कर ही रहेगी, तब तक इस समस्या का समाधान नहीं होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि जहां पुलिस और वकीलों में पुरुषों की बहुसंख्या होती है वहां उन्हीं के दृष्टिकोण से फैसले होते हैं। भारत में प्रति घंटे बलात्कार के 4 केस होते हैं जबकि केस केवल 30 प्रतिशत मामलों में ही चलते हैं। ऐसे हालात में लोग महिलाओं को सम्मान देना कहां से सीख पाएंगे ?कामकाजी तथा अन्य महिलाओं के मामले में हमारे कानून पहले भी अच्छे थे तथा नए कानूनों को और भी कठोर बना दिया गया है परंतु उन्हें लागू करने के लिए उसी तरह के लोगों की भी जरूरत है।जैसा कि कोलकाता बलात्कार और हत्या केस में सामने आया है जहां मामले को शुरू से ही दबाने की कोशिश की जा रही थी। कालेज के प्रिंसीपल का दूसरी संस्था में तबादला कर दिया गया है। जब तक प्रबंधन किसी घटना के प्रति जवाबदेह नहीं होगा तब तक ऐसे कदमों से कोई लाभ होने वाला नहीं है। थोड़ा प्रोटैस्ट तो होगा परंतु एक महीने के बाद सब शांत हो जाएगा। जैसा कि हाल ही के दिनों में मणिपुर, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के मामले में हमने देखा है।इस समूचे सिस्टम को देखते हुए सिर्फ यही कहा जा सकता है कि हमारा सिस्टम ही सबूत नष्ट करके, मामले को दबा कर या लटका कर वास्तविकता पर पर्दा डालने की कोशिश करता है क्योंकि हमारी मानसिकता ही ऐसी बन चुकी है जिसमें हम महिलाओं को समानता का अधिकार देना नहीं चाहते। एक ओर नारी को देवी दुर्गा के स्वरूप में पूजन करने की विरासत और दूसरी ओर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राज व्यवस्था और इस सबके बावजूद बच्चियों महिलाओं के साथ ऐसी बर्बरता जो आदिम युग की असभ्यता से भी कई गुना अमानवीय और अमानुषिकता से भरा है। बर्बरता चाहे हाथरस में हो या मणिपाल में संदेशखाली में हो या कोलकाता में सभी राजनीतिक दलों का स्वर एक होना चाहिए लेकिन शमर्नाक बात यह है कि राजनीति इन वीभत्स वारदातों को भी अलग अलग चश्मे से देखती है हाथरस में भाग कर जाने वाले कोलकाता नहीं जाते और कोलकाता पर शोर मचाने वाले मणिपुर नहीं जाते। ऐसे हालात में नही लगता कि राजनीतिक दल बर्बरता और हैवानियत के खिलाफ खड़े हैं दरअसल वह तो अपनी सुविधा के अनुसार इन वारदातों पर राजनीति की रोटी सेकने का प्रयास कर रहे हैं। यह स्थिति एक स्वस्थ लोकतंत्र की परिचायक नहीं है।

# आम के साथ-साथ उसके पत्तों के भी होते हैं कई औषधीय लाभ

आम को फलों का राजा माना जाता है और इसका स्वाद लाजवाब होता है। हालांकि, काफी कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि आम के साथ-साथ उसके पत्ते भी कई औषधीय लाभों से समृद्ध होते हैं।आम के पत्तों के अर्क का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में मधुमेह, दस्त और अस्थमा सहित कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है।आम के मौसम के जाने से पहले उसके पत्तों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाकर ये 5 लाभ पाएं।

**मधुमेह के इलाज में मददगार**-आम की पत्तियों में एंथोसायनिडिन्स नामक फाइटोकेमिकल्स और टैनिन होते हैं, जो ब्लड शुगर के बढ़े हुए स्तर को कम कर सकते हैं। इनमें फाइटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं, जो मधुमेह के उपचार में मदद करते हैं।इन पत्तियों में बीटा-टारैक्सेरोल नामक यौगिक होता है, जो इंसुलिन के साथ मिलकर ग्लूकोज को सक्रिय करता है और ग्लाइकोजन के संश्लेषण को बढ़ाता है।आम के पत्ते मधुमेह एंजियोपैथी और मधुमेह रेटिनोपैथी के इलाज में मदद करते हैं, जो मधुमेह की जटिलताएं हैं।

**वजन रहता है नियंत्रित**-आम के पत्तों में मैंगिफेरिन नामक यौगिक होता है, जो एडिपोनेक्टिन को सक्रिय करने में मदद करता है। एडिपोनेक्टिन एक तरह का प्रोटीन है, जो शरीर में वसा चयापचय और शर्करा को संतुलित करता है।अध्ययनों से पता चलाता है कि आम के पत्ते कोशिकाओं में वसा के संचय को रोकते हैं, जिससे मोटापा कम होने लगता है।आप आम के पत्तों को खान-पान का हिस्सा बनाकर अपना वजन घटा सकते हैं और उसे नियंत्रित भी रख सकते हैं।

**किडनी की पथरी के उपचार में सहायक**-आप अपनी डाइट में आम के पत्तों को शामिल करके किडनी की पथरी से छुटकारा पा सकते हैं। इन्हें रात भर पानी में भिगो के रख दें, फिर सुबह मिक्सी में पीसकर इनका पाउडर बना लें।इस पाउडर को सुबह-शाम पानी के साथ खाएं। ऐसा करने से किडनी की पथरी को तोड़कर शरीर से बाहर निकालने में मदद मिल सकती है।आप इन घरेलू नुस्खों की मदद से किडनी की पथरी का उपचार कर सकते हैं।

**रक्तचाप होता है कम** -आम के पत्तों में हाइपोटेंसिव गुण होते हैं, जिसका मतलब है कि ये रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये पत्ते रक्त वाहिकाओं को मजबूत बनाने के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।आप इन पत्तों से बनी हर्बल चाय पीकर रक्तचाप को नियंत्रित कर सकते हैं और बढ़ी हुई नसों का उपचार कर सकते हैं।

**एक नजर**

## लोक परम्परा और संस्कृति की बिखरी झलक,बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन



**कुरूद, 20 अगस्त।** कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण स्थल से हुई,जहां मार्च पास्ट दल की मधुर ध्वनि से अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम स्थल तक हुआ।इसके उपरांत अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता ,भारत माता और वीर शहीदों की पूजा वंदना हुई।फैंसी ड्रेस में मनमोहक रूप से सजे एलकेजी के बच्चों ने सरस्वती वंदना करते हुए सबका मन मोह लिया।इसके पश्चात प्राचार्य के मंजीता ठाकुर एवं अतिथियों के करकमलों से ध्वजारोहण कार्य संपन्न करते हुए तिरंगे को सलामी दी गई।कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई ।जहां सांस्कृतिक प्रभारी रेखा सिन्हा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की भव्य शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई।प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सभी स्वतंत्रता दिवस मना रहे है ,जैसा कि सभी को विदित है कि हमारे महापुरुषो ने भारत को आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया।उनके त्याग ,तपस्या और कड़ी मेहनत के दम पर हम आजाद हुए।अब समय आ गया है कि हम इसके मोल को समझे और आने वाली पीढ़ी को सही दिशा में ले जाने के लिए आजादी का महत्व बताते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाए।आप सभी को आज के लिए इस पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं इसके उपरांत अनेकता में एकता थीम पर यूकेजी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने मनभावन नृत्य की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

इसके पश्चात बच्चों ने देशभक्ति मय गीत और भाषण की प्रस्तुति देकर समा बांधा।साथ ही भरतनाट्यम ,छत्तीसगढ़ कपारंपरिक नृत्य और देशभक्तिमय गीतों पर मनभावन नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इसी तरह बच्चों द्वारा देशभक्ति मय गीतों की प्रस्तुति हुई।कार्यक्रम की अन्तिम कड़ी में बोर्ड कक्षाओं और अन्य कक्षाओं में अग्रणी रहे बच्चों को मोमेंटो देकर और बोर्ड डेकोरेशन तथा हरेली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अंतिम कड़ी के रूप में बच्चों को मिष्ठान वितरण कर पर्व की रौनकता में यादगार पल अंकित हुए।सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# भाइयों की कलाई पर सजा बहनों का प्यार

- उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व
- माथे पर तिलक, हाथ में रेशम की डोरी बांध रक्षा का लिया वचन
- भद्रा काल के चलते बहनों ने 1.30 बजे के बाद बांधी राखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 20 अगस्त ।** भाई बहन के पवित्र रिश्तों में मधुरता घेलने वाला भारतीय संस्कृति से जुड़ा पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार दंतेवाड़ा सहित ग्रामीण अंचलों में पूरे उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर कलाईयों पर रक्षासूत्र बांध, आरती उतार मिठाईयां खिलाकर उनके दीर्घायु की कामना की। भाईयों ने भी इस शुभ अवसर पर बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाले इस पर्व की तैयारी श्रावण माह के आते ही शुरू हो जाती है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज रक्षाबंधन का पर्व उमंग एवं उत्साह से मनाया जा रहा है। त्यौहार के मद्देनजर सोमवार को सुबह से ही बाजारों में काफी गहमा गहमी रही। मिष्ठान एवं गारमेंट की दुकानों में लोगों की भारी भीड़ लगी रही। पिछले कुछ सालों से रक्षाबंधन पर हर वर्ष भद्रा का प्रकोप पड़ने का रिवाज सा चल पड़ा है। इस साल भी रक्षाबंधन पर भद्रा का साया पड़ा है। पंडितों के मुताबिक इस साल भी राखी के दिन भद्रा का प्रकोप लगा है। सुबह से लेकर दोपहर 1 बजकर 31 मिनट तक भद्रा का साया छाया रहा । डेढ़ बजे के बाद ही बहनों ने अपने भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। बहनें अपने भाईयों के माथे पर स्नेह का तिलक लगाकर उनकी आरती उतार रक्षासूत्र बांध मिठाई खिलाकर अपने भाईयों के दीर्घायु जीवन की कामना की। भाईयों ने भी नगद राशि व मनपसंद की चीज देकर अपनी बहनों को उपकृत किया साथ ही हर परिस्थिति में बहनों की रक्षा करने का वादा किया। आज सावन का आखरी सोमवार पड़ने से भोलेनाथ के भक्त सुबह मंदिर पहुंचकर परंपरा अनुसार भगवान को जल चढ़ाया और अपने आराध्य भोलेबाबा को राखियां अर्पित कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। पंडितों ने अपने यजमानों के घर जाकर राखियां बांधी और दक्षिणा प्राप्त की। नगर की महिलाएं प्रातः दंतेश्वरी मंदिर पहुंच देवी मां से अपने भाईयों तथा परिजनों के स्वस्थ्य एवं सुरक्षित जीवन के लिए माता से कामना की। रक्षाबंधन का पर्व हर आयु वर्ग के लोग बड़े ही धुम-धाम से के साथ मना रहे हैं। मोबाईल पर भी दूर रहने वाले भाई बहन एक दूसरे को पर्व विशेष की बधाई एवं संदेश भेजते देखे गए।


## सुकमा थाना क्षेत्र में बाहर से आकर रह रहे 15 संदिग्ध गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 20 अगस्त।** बस्तर संभाग के सुकमा जिला मुख्यालय में पुलिस ने 15 संदिग्ध लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए लोग खुद को उत्तरप्रदेश का निवासी बता रहे हैं। पुलिस उनके गृहक्षेत्र की पुलिस से इसकी तस्दीक करने में जुट गई है।सुकमा जिला वैसे भी संवेदनशील जिला है और ऐसे में वहां बाहर से आकर गुपचुप तरीके से रहने वाले अनजान लोगों से खतरा और भी बढ़ जाता है। थानों में बिना मुसाफिरी दर्ज कराए संदिग्ध लोगों के घूमने और क्षेत्र में लगातार चोरी एवं अन्य घटनाएं होने के कारण पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण (आईपीएस) द्वारा संदिग्ध लोगों की चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशानुसार एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार के मार्गदर्शन में 16 अगस्त को संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान 15 लोग पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इनमें पवन सिंह पिता चंद्रपाल सिंह 28 वर्ष निवासी सरिता विहार नई दिल्ली, अंसार अली पिता सागर अली 0 वर्ष ग्राम छपरौली थाना छपरौली जिला बागपत उत्तरप्रदेश, आरिफ कुरैशी पिता नफीस कुरेशी 39 वर्ष ग्राम टांडा जिला बागपत उत्तरप्रदेश, जुनैद खान पिता नसीम खान 20 वर्ष निवासी ग्राम बेगी नगर थाना गंगो सहारनपुर उत्तरप्रदेश, एहसान अली पिता खुर्शीद 44 वर्ष निवासी ग्राम कोटाना थाना बड़ौत जिला बागपत उत्तरप्रदेश,मतलूब अली पिता अशरफ 32 वर्ष, अरशद अली पिता अशरफ अली 40 वर्ष निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली जिला बागपत उत्तरप्रदेश, शकील कुरैशी पिता वहीद 50 वर्ष निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली जिला बागपत उत्तरप्रदेश, सलीम अहमद पिता अतीक अहमद 42 वर्ष निवासी ग्राम दरबार खुर्द कैराना जिला शामली उत्तरप्रदेश, ताहिर पिता सत्तार अली 40 वर्ष निवासी दरबार खुर्द कैराना जिला शामली उत्तरप्रदेश, सावेज अली पिता अरशद अली 19 वर्ष निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली जिला बागपत उत्तरप्रदेश, शमन खान पिता गूदा खान 23 वर्ष निवासी नगलाराय थाना कैराना जिला शामली उत्तरप्रदेश, जावेद अली पिता अशरफ अली 22 वर्ष निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली जिला बागपत उत्तरप्रदेश, युनूस कुरैशी पिता हारून कुरैशी 28 वर्ष निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली जिला बागपत उत्तरप्रदेश और फरजंद पिता जाहिर 21 वर्ष निवासी ग्राम कोटाना थाना बड़ौत जिला बागपत उत्तरप्रदेश शामिल हैं। ये सभी संदिग्ध हालत मे घूमते पाए गए। इन्होंने थाना सुकमा में मुसाफिर दर्ज नही कराई थी और ना तो थाने में कोई सूचना दी थी। ये सभी विगत दो-तीन माह से थाना सुकमा क्षेत्र में रह रहे थे। पूछताछ करने पर यह लोग पुलिस से वाद विवाद करने लगे। क्षेत्र में शांति कायम रखने हेतु सभी को गिरफ्तार कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। सुकमा जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति घूमते दिखे तो उनकी सूचना अपने नजदीकी थाना में दें। यदि आपके घर पर कोई किरायेदार है तो थाने से उसका वेरीफिकेशन करवा कर थाना में सूचना देकर ही किराए पर रखें अन्यथा कभी भी कोई गंभीर घटना घट सकती है।

## किस्टाराम और भेज्जी के जंगलों में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया



**सुकमा,20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले के किस्टाराम और भेज्जी क्षेत्र के जंगलों में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 17 अगस्त 2024 को मिली सूचना के आधार पर, सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने विशेष नक्सली विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान नक्सली, सुरक्षा बलों की पार्टी को देखकर अपनी छुपाई हुई डंप सामग्री छोड़कर भाग निकले।इस अभियान में डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त पार्टी ने किस्टाराम के मेटागुड़ा और भेज्जी के बीराभट्टी गांव के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस सर्चिंग के दौरान, बीजीएल राइफल, बीजीएल सेल, जिलेटिन रॉड, जनरेटर, प्रिंटर मशीन, और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री समेत नक्सली साहित्य बरामद किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत, 18 अगस्त 2024 को सुबह 11:00 से 11:30 के बीच यह बरामदगी हुई। डीआरजी कमांडर और बस्तर फाइटर्स की टीमों ने मेटागुड़ा और बीराभट्टी के जंगलों में नक्सलियों की छुपाई गई सामग्री का पता लगाया और उसे कब्जे में लिया।बरामद सामग्रियों में बीजीएल राइफल, जिलेटिन रॉड, डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, प्रिंटर मशीन, नक्सली वर्दी, बारूद, और अन्य नक्सली सामग्री शामिल है। यह अभियान नक्सल उन्मूलन की दिशा में सुरक्षा बलों की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## कांग्रेस की जाँच टीम पहुंची सुकमा



**सुकमा,20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कल सुबह होंगे राज महेन्द्री जेल के लिए रवाना कवासी लखमा पूर्व विधायक, मोहन मरकाम, रेखचंद जैन करेंगे जाँच पत्रकार साथियों से मिलकर जानेंगें पूरी घटना की सच्चाई गांजा केस में सुकमा के दो दंतेवाड़ा दो पत्रकार है जैल में परिवार और पत्रकार संघ ने की उच्च स्थरीय जाँच की मांगजिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती माहेश्वरी बघेल,, पालिका अध्यक्ष राजू साहू,, मनोज चौरसिया ने किया सभी जाँच कमेटी का स्वागत ।

## स्व सहायता समूह की महिलाओं ने डाक से कलेक्टर को भेजी राखी



**नारायणपुर,20 अगस्त।** रक्षाबंधन या राखी का त्योहार भाई-बहन के लिए खास होता है। इस दिन बहन अेपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उसके लंबी आयु की प्रार्थना करती हैं। वही बदले में भाई उम्र भर रक्षा का वादा करता है और उपहार भी देता है। इससे रक्षा बंधन के त्योहार को ध्यान में रखकर कुंडोली गांव की महिला समूह ने कलेक्टर को डाक के माध्यम से राखी भेजी है। इसके महिलाओ ने कलेक्टर को अपना भाई मानकर उपहार के बदले में गांव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। इस तरह कुंडोली गांव की महिलाओं गांव की समस्या से निजात के लिए अनोखी पहल की है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 54 किलोमीटर दूर धनोरा ग्राम के आश्रित कुंडोली गांव में समस्या का अंबार लगा हुआ है। इस समस्या से निजात के लिए ग्रामीण सालों राह ताक रहे है। इसके बावजूद ग्रामीणों की समस्या जस के तस होने के बावजूद ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के अभाव जीवन यापन करने को मजबूर है। इसके बावजूद इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। इससे ग्रामीणों ने गांव की समस्या से निजात पाने के लिए महिलाओं ने अनोखी पहल की है। इस पहल में कुंडोली गांव के मां अन्नपूर्णा स्व-सहायता समूह ने कलेक्टर को डाक के माध्यम से राखी भेजी है। इस राखी के साथ समूह की महिलाओं ने कलेक्टर को पत्र भेजा है। इस पत्र में महिलाओं ने उल्लेखित किया है कि सोमवार को पूरे देश में भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इससे महिलाओ ने कहा है कि हमारी भी ईच्छा थी कि की आप हमारे जिले के सबसे बड़े अधिकारी है। इससे हम कार्यालय में उपस्थित होकर राखी बांधना चाहते है। लेकिन हमारा गांव जिला मुख्यालय से बहुत दूर है। इस लिए हम नारायणपुर नही पहुच पा रहे है। इससे हम मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह की सभी आदिवासी बहने डाक के माध्यम से राखी भेज रही है। इससे हम बहने आशा करते है कि रखा सूत्र स्वीकार कर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। इसके साथ ही महिलाओ ने कलेक्टर से वचन के रूप में कुछ मांग की है। इसमें आपके भांजा-भांजी को पिछले 14 साल से स्कूल भवन के अभाव में झोपड़ी में पढ़ाई करना पड़ रहा है। वही नल के अभाव में नदी-नालों को दूषित जल पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके साथ ही गांव में आंगनबाड़ी की आवश्यकता है। इससे आशा करते है कि आप अपनी बहनों आवश्यकता को पूरा करेंगे। इस तरह महिलाओं ने गांव की समस्याओ से निजात के लिए नई पहल की है।

## जिला जेल पहुंच कर बहनों ने अपने भाइयों को बांधा रक्षा सूत्र



**दंतेवाड़ा 20 अगस्त।** भाई बहन का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन के पावन पर्व के मौके पर जिला जेल दंतेवाड़ा में परिरूद्ध बंदियों के बहनों ने जेल पहुंच बंदी भाइयों के कलाई पर राखी बांधी और एवं मुंह मीठा कराया । बहनों द्वारा उन्हें प्यार, स्नेह एवं आर्शीवाद प्रदान किया तथा बंदी भाईयों से अच्छे कार्य करने का वचन लिया गया। बंदी भाईयों द्वारा भी अपनी बहनों को रक्षा करने तथा जेल से बाहर आकर दुबारा से ऐसा गलत कार्य नहीं करने का वचन दिया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर जेल प्रशासन की ओर से बंदियों एवं उनके बहनों से मुलाकात हेतु विशेष व्यवस्था की गई थी, तथा बैठक मुलाकात व्यवस्था, पूजा थाली, दीपक, रोली, पुष्प आदि की व्यवस्था भी की गई थी। जेल प्रशासन की ओर से दूर दराज एवं अन्य कारणों से उपस्थित नही हो पाने वाली बहनों हेतु प्रिजन कॉलिंग / वीडियों कॉलिंग सिस्टम के माध्यम से बंदियों की बातचीत कराये जाने की विशेष व्यवस्था की गई थी।बता दें कि कोरोना काल के 4 वर्षों बाद 48 बंदियों के बहनों द्वारा जेल में उपस्थित होकर अपने भाईयों की कलाईयों में राखी बांधी गई तथा जिन बंदी भाईयों के बहने उपस्थित नहीं हो पाये व ऐसे 159 बदियों को प्रिजन कॉलिंग/वीडियों कॉलिंग सिस्टम के माध्यम से अपनी बहनों एवं परिजनों से बातचीत कराया गया। बंदी भाई रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों एवं परिजनों से बातचीत कर बहुत ही खुश हुए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से जेल कर्मियों, छ0म0 सशस्त्र बल तथा महिला पुलिस बल के जवानों की तैनाती की गई थी, ताकि राखी बांधने आने वाली बहनों एवं मुलाकातियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पडे। सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरस्त रखा गया था। साथ ही इस अवसर पर मुलाकातियों या बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्या हेतु चिकित्सा अधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी लगायी गयी थी।जिला जेल में रक्षाबंधन आयोजन के अवसर पर जेल अधीक्षक जी.एस.शोरी, डॉ जगदीश्वर पात्रे चिकित्सा अधिकारी, उदय शंकर यादव, मुख्य प्रहरी, संतोष कुमार पोर्ते प्रहरी, ज्ञानप्रकाश पैकरा, प्रहरी, श्रीमती चंद्रिका लकड़ा, प्रहरी, पुरूषोत्तम मेरावी रघुनाथ मरकाम एवं अन्य जेल कर्मचारी उपस्थित थे।

## 21अगस्त को बीजापुर बंद

### समिति गठित शंकर कुडियम बने अध्यक्ष



**बीजापुर,20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के निर्णयानुसार माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 01 अगस्त 2024 को पंजाब राज्य बनाम दविन्दर सिंह व अन्य के फैसला में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुह के कोटे के अन्दर कोटा निर्धारण करने का अधिकार राज्यो को एवं क्रीमीलेयर लागू करने के फैसले के विरोध में दिनांक 21/08/2024 को सम्पूर्ण भारत बंद को आव्हान किया गया है। जिसके समर्थन में जिले के समस्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदायों ने 21/08/2024 को सम्पूर्ण बीजापुर जिला के आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शेष सभी व्यवसायिक संस्थाए प्रतिष्ठाने, परिवहन सेवाए कामगार संस्थाए एवं समस्त शैक्षणिक संस्थाए प्रातः 06 बजे से शाम 05 तक पूर्णतः बंद करने का निर्णय लिया गया है।आरक्षण बचाओ एससी एसटी संयुक्त समिति के अध्यक्ष शंकर कुडियम ने बताया कि आगामी 21 अगस्त को जिला बीजापुर के समस्त व्यवसायिक संस्थाएं, परिवहन सेवाएं एवं शैक्षिणक संस्थाएं बंद करते हुए बीजापुर शहर में उक्त फैसले के विरोध में रैली निकालकर आक्रोश व्यक्त किया जाएगा।स्थानीय गोंडवाना भवन में आयोजित एसटी, एससी समाज की संयुक्त बैठक में सर्व सहमति से अध्यक्ष शंकर कुडियम, उपाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर, गुज्जा पवार, त्रिपति यालम, लक्ष्मीनारायण पोर्तेक, मनीष सोनवानी, रैमनदास झाड़ी, बीएस मिंज, सचिव कमलेश पैंकरा, सह सचिव कमलदास झाड़ी, कोषाध्यक्ष जगबंधु मांझी, सह कोषाध्यक्ष राकेश परतागिरी, संरक्षक जग्गूराम तेलामी, अशोक तालंडी, भुनेश्वर सिंह कंवर, अजय दुर्गम, बीआर अमान, नरेंद्र बुरका, सकनी चंद्रैया, पांडू राम तेलाम, कल्याण सिंह कुर्रे, मीडिया प्रभारी बसंत मामडीकर, सन्नु हेमला, समैया पागे, राजेश झाड़ी, विधि सलाहकार अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण गोटा, अधिवक्ता सल्लूर वेंकटी, अधिवक्ता ज्योति कुमार मनोनित किए गए। इस दौरान गोंड, मुरिया, हल्बा, दोरला, परधान, कंवर, उरांव, कुडूख उरांव, भतरा, महार, सतनामी, मराई माता महार और महारा समाज के प्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद थे।

## कैंपों में सुरक्षा बलों के जवानों को समूह की महिलाओं,छात्राओं ने बांधी राखी



**सुकमा, 20 अगस्त ।** देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जवान भाइयों की कलाइयों पर सोमवार को स्व सहायता समूह की दीदीयों सहित महतारी वंदन योनजा के हितग्राही दीदीयों ने राखी बाधी। जवान भाइयों ने भी बहनों को आशीर्वाद दिया। महापर्व ''रक्षाबंधन'' को दूरस्थ कैम्प एवं थानों में तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के कलाई में स्वःसहायता समूह की महिलायें एवं स्कूली छात्राओं के द्वारा रक्षा सूत्र राखी बांधा गया। यह महापर्व शहरों के दूरस्थ थाना व कैम्पों में भी हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। सुकमा जिले के माओवाद प्रभावित क्षेत्र में स्थित कैंप परिया में 22वीं वाहिनी सीएएफ ''एफ'' कंपनी में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान महतारी वंदन योजना के हितग्राही दीदीयों ने जवानों को राखी बांधी। वहीं माओवाद से प्रभावित क्षेत्रों सेवा देने वाले जवान भावूक नजर आये। जिले में दूरस्थ ग्रामीणों को सुरक्षा के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं के पहुंचाने में इनकी अहम भूमिका रहती है। रक्षाबंधन के अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जवानों की कलाइयों पर राखियां बांधी। बहनों से राखी बंधवाते जवानों के साथ ही महिलाओं में रक्षाबंधन त्योहार को लेकर उत्साह देखने को मिला। माड़वी ज्योति सरिता स्व सहायता समूह की दीदी ने कहा कि हमारे देश के वीर सैनिक हमारी सुरक्षा के लिए अपने घरों से हजारों किलोमीटर दूर तैनात रहते हैं। रक्षाबंधन के पर्व पर अपने घर नहीं लौट पाते हैं। उनके साथ ये पर्व मनाने का सौभाग्य मिलना गौरव की बात है। माड़वी ज्योति ने कहा कि हमर विष्णुदेव भैया ने एक भाई की तरह हम सभी महिलाओं का हित में ध्यान रखते हुए आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना से समूह की दीदीयों आर्थिक रूप से संबल हो रहे है। योजनांतर्गत मुझे 05 महीना में 05 हजार की राशि प्राप्त हुईं है। प्राप्त राशि को हमारें जरूरत की चीजों एवं बच्चों के भविष्य के लिए बचत कर रहे है।माड़वी कौशल्या कौशल्या स्व सहायता समूह की ने कहा कि सैनिक भाइयों को राखी बांधाकर, मिठाई खिलाकर और आशीर्वाद प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस हो रहा है। ये जवानों की देन है कि हम लोग अपने घरों में खुशी से और अपनों के बीच रह रहे हैं। इन भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधकर हम सभी को बहुत खुशी का अनुभव हो रहा है। समूह की दीदी अंबिका ने कहा कि इस साल का रक्षा बंधन हमारे लिए हमेशा के लिए जीवन भर यादों में संजो कर रखूंगी। यह पहली बार है कि हमने हमेशा सुरक्षा में तैनात जवान भाईयों को राखी बाधी। हमारे जवान भाई अपने घर-परिवार के पास नहीं जा पा रहे हैं तो हमने उनके कलाईयों पर रक्षासूत्र बांध कर उनके सुरक्षित रहने की कामना की। ये जवान अपने घर-परिवार से दूर सीमाओं पर देश के लोगों की रक्षा करते हैं। जवान ड्यूटी में सदैव तत्पर रहते हैं। इस वजह से वे कई त्योहारों में घर भी नहीं जा पाते. हमारा सौभाग्य है कि हमने रक्षा में तत्तपर भाईयों को राखी बाधी । 22वीं वाहिनी सीएएफ ''एफ'' कंपनी में कमांडेंट श्री चंद कोसले ने कहा कि यह परंपरा कई सालों से चली आ रही है कि इंडियन आर्मी में, फोर्स कैंप में, पुलिस स्टेशन और जेल में बहनें जाती हैं और भाईयों को राखियां बांधती हैं। राखी बांधकर हमारा हौसला अफजाई करती हैं। यह पहली बार हो रहा है कि परिया कैंप सहित अन्य कैंपों में जवानों को राखी बाधी गई। बहनों के स्नेह और प्रेम की डोर से हमारी ताकत और बढ़ गई। लेफ्टिनेंट कोसले ने सभी बहनों को जीवन भर खुश रहने की शुभकामनाएं दीं। इसी प्रकार रक्षाबंधन के अवसर पर मिसमा, पोलमपली, कांकेरलंका, बुरकापाल, चितंलनार, जगरगुण्डा, कोर्रा, चिंगावरम ,मानकापाल,गादीरास, रामाराम, फुलबगड़ी, बडेसटटी, चिकपाल, कुन्दनपाल, पेदारास, कुकानार, पालेम, गोंगलारोड-सुकमा, गीदम नाला, लेदा कोयलाभट्टी, कुम्माकोलेंग, तोंगपाल, छिंदगढ़ कैम्प सहित अन्य कैम्पों में जवानों को समूह की दीदीयों ने राखी बाधी।

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत-देवरीबालाजी

श्रीमती रजन्तीन कोरार्म
सरपंच

तरुण कुमार सोरी
सचिव
विनीत-समस्त ग्रामवासी-ग्राम पंचायत देवरीबालाजी
विकासखंड-नरहरपुर,जिला उ.ब.कांकेर

# शबरी महिला शक्ति विकास संस्था ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव



**कोंटा,20 अगस्त।** शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा द्वारा स्थानीय नगर के पुरानी बस्ती स्थित सीडब्लूसी संगम ऑफिस में सावन महोत्सव मनाया गया। जिसमें महिलाओं द्वारा अलग-अलग रिजर्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं ने अपने-अपने अनुभव को बढ़ावा दिया और जीत हासिल की। शबरी महिला शक्ति विकास संस्था के महिलाओं द्वारा पार्क में खूब नृत्य किया गया, झूला झूले अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और हरियाली अपनी हरी भारी पोशाक और सावन लहरिया की महिलाओं ने अपनी अपनी पहचान बनाई, सामाजिक एकता और महिला जागृति का परिचय दिया। दरअसल शबरी महिला शक्ति विकास संस्था के महिला सदस्य सच्यावती नाग, अन्नू घोष, विजयलक्ष्मी, प्रभावती और दिव्या ने बताया कि पिछ्ले वर्ष की साझेदारी में इस वर्ष सावन लहरिया महोत्सव में महिला जागृति एवं महिला आक्रोश तथा समाज की प्रति महिलाओं के दायित्व का निर्माण किया गया है। मान सम्मान प्रतिभा को टीम में शामिल किए गए महिलाओं ने सावन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। इसी दौरान शबरी महिला शक्ति विकास संस्था के शिक्षक सदस्य, चिकित्सक सदस्य विशिष्ट महिलाओं को भी एक मंच पर ज्ञान कार्य करने और आगे बढ़ने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। शबरी महिला शक्ति विकास संस्था के सभी महिलागणों द्वारा नियमित रूप से हर तीज महोत्सव और समाज के हित आने वाले हर कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भाग लेने और कार्यक्रम को विशेष रूप से नामांकन करने का निर्णय लिया गया। गया। इस दौरान बी विजया, ममता ठाकुर, टिकेश्वरी ठाकुर, ममता मरकाम, मीना अंबाटी, राम्या अंबाटी, रूक्मणी यादव, सिंदूरी, दयावती मरकाम, स्वेता घोष, उर्वषी ठाकुर, धनेश्वरी यादव, नागमणी समेत कई महिला सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दिखाई।

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
लेम्प्स प्रबंधक सुकमा
लेम्प्स प्रबंधक छिन्दगढ़
लेम्प्स प्रबंधक कोन्टा
सौजन्यः लेम्प्स,जिला सुकमा (छ.ग.)

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
बालक आश्रम छात्रावास एवं
कन्या आश्रम छात्रावास
पोस्ट मैट्रिक छात्रावास एवं
जिले के सभी आश्रम
सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वनमंडलाधिकारी
सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)
✦वनों को आग से बचाये ✦वन प्राणियों की रक्षा करें
✦वन प्राणियों के लिये जलाशयों की व्यवस्था
✦वन प्राणियों की कैमरे से गणना
सौजन्यः वन मंडलाधिकारी-सुकमा

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वनपरिक्षेत्र अधिकारी सुकमा
वनपरिक्षेत्र अधिकारी तोंगपाल
वनपरिक्षेत्र अधिकारी दोरनापाल
वनपरिक्षेत्र अधिकारी जगरगुन्डा
वनपरिक्षेत्र अधिकारी गोलापल्ली
वनपरिक्षेत्र अधिकारी किष्टाराम
जिला-सुकमा (छ.ग.)

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
खंड शिक्षा अधिकारी सुकमा
खंड शिक्षा अधिकारी छिन्दगढ़
खंड शिक्षा अधिकारी कोंटा
समन्वयक अधिकारी सुकमा
समन्वयक अधिकारी छिन्दगढ़
समन्वयक अधिकारी -कोन्टा
सौजन्यःजिले के खंड शिक्षा अधिकारी
सुकमा,जिला-सुकमा (छ.ग.)

# संभाग स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए बलौदाबाजार जिले से 49 खिलाड़ी चयनित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 20 अगस्त।** शासकीय गजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय खेलों का आयोजन हुआ जहां कराते खेल में जिला स्तरीय खेलने के लिए बलौदा बाजार जिला के पांच विकास खंड बलौदा बाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल के विभिन्न स्कूलों से कक्षा छठवीं से 12वीं तक के 200 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। आयोजित प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर चयनित हुए 49 खिलाड़ी 28 अगस्त को रायपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरैना में होने वाले संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बलौदा बाजार जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त प्रतिस्पर्धा जिला खेल अधिकारी आलोक गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए जिले के व्यायाम शिक्षकों के साथ-साथ जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी जिला बलौदा बाजार भाटापारा के सचिव नेमीचंद साहू, योगेश कुर्रे, हर्ष देवांगन, महेश राजपूत, राम बिहारी ठाकुर, गौरव साहू, शुभ संकल्प, प्रवीण मोहले, मोहन वर्मा, ओम चोरिया दिनेश साहू, भानु देवांगन, अंश शुक्ला, सुधीर साहू, शिबू मानिकपुरी, समीर वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्कूल विभाग, जिला कराते संघ और चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी जिला बलौदा बाजार भाटापारा के नेतृत्व में प्रतिस्पर्धा सफलता के साथ संपन्न हुई। उक्त प्रतिस्पर्धा के दौरान विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी शरद पंसारी क्रीडा शिक्षक चंद्रकांत बांगड़े लोक सिंह दीवान नेहा पटेल सुमन शाह एवं अन्य विकासखंड के खेल प्रशिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। एवं अतिथि के रूप में अरुण (बंटी) छाबड़ा मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### बहनों ने भाइयों को बांधा रक्षासूत्र



**तिल्दा-नेवरा, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रक्षाबंधन सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी के रूप में रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की। परम्परा का निर्वहन करते हुए भाइयों ने बहनों को उपहार भेंटकर जीवनभर रक्षा का संकल्प लिया। रक्षा बंधन को लेकर ग्रामीण अंचलों में उत्साह देखने को मिलाद्य भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी के रूप में रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की। परम्परा का निर्वहन करते हुए भाइयों ने बहनों को उपहार भेंटकर जीवनभर रक्षा का संकल्प लिया। रक्षा बंधन को लेकर शहर में भारी उत्साह दिखा। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर हर घर में उत्साह देखने मिला। भाई कलाई पर प्रेम का सूस बांधने के लिए बहने आतुर दिखाई दी तो भाइयों खुशी-खुशी राखी बंधवाइ। बहनें सैकड़ों किलोमीट का सफर तय कर भाई को राखी बांधने पहुंचे। भाइयों ने भी बहनों के घर पहुंचने पर स्वागत किया। इससे पहले रक्षा बंधन को लेकर घरों में विशेष तैयारियां की गई थीं। राखी की त्योहार मनाने से पहले परम्परा के अनुसार लोगों स्नान कर पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत बांधकर जन्म-जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार भेंट किए। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में देखने मिला। बच्चियां अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने आतुर दिखी तो बच्चे भी राखियां बंधवाने के लिए उत्साहित दिखे। रक्षा बंधन पर भद्रा का साया होने पर अधिकांश घरों में शुभ मुहूर्त देखकर रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया।

### रिस्दा के सीमेंट संयंत्र में हुआ हादसा, एक मजदूर की मौत

**बलौदाबाजार, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदा बाजार जिले के रिसदा स्थित न्युविस्टा सीमेंट संयंत्र में देर रात एक दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सीमेंट प्लांट के अंदर जब मजदूर सायक्लोन में काम कर रहा था, तभी उसके ऊपर कोई भारी वस्तु गिर गई. इस घटना में मजद्दोर गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना से प्लांट में हड़कंप मच गया. कंपनी प्रबंधन ने तुरंत घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी मौत हो गई थी. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, सीमेंट प्लांट में यह हादसा रात करीब 11 बजे हुआ. मृतक पोषण यादव (उम्र 26 वर्ष) सोनाडीह गांव का निवासी था और ठेकेदार के अंतर्गत काम कर रहा था. कंपनी में शटडाउन चल रहा था और मजदूर मात्र दो दिन पहले ही प्लांट में काम पर आया था. इस घटना की जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस बलौदा बाजार ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल कंपनी प्लांट के मजदूरों और मृतक के परिजनों से बातचीत कर रही है. इस अंचल में सीमेंट सायंत्रो की काफी भरमार है लेकिन मजदूरों की सुरक्षा जैसे कोई कदम नही उठाए जा रहे है आए दिन इस अंचल के उद्योगों में दुर्घटना होना आम बात हो गई है।

## एक नजर

### विधायक अंबिका मरकाम को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**नगरी, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रक्षाबंधन आत्मिक स्नेह वह सच्चे भाईचारे की भावना को जागृत करने वाला एक पवित्र और आध्यात्मिक पर्व है इसी परिप्रेक्ष्य में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी ने सिहावा विधायक अंबिका मरकाम को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

### तिल्दा-नेवरा में नए अनुविभागीय अधिकारी ने संभाला कार्यभार



**तिल्दा-नेवरा, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आशुतोष देवांगन की नई पोस्टिंग हुई। तिल्दा नेवरा के एसडीएम प्रकाश टंडन का तबादला रायपुर किया गया है। उनके स्थान पर आशुतोष देवांगन तिल्दा नेवरा के एडीएम बनाए गए है।

### अंतिम सोमवार को शिवभक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा



**तिल्दा-नेवरा, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा, भगवान शिव की भक्ति और समर्पण का एक अत्यंत पवित्र और शुभ अवसर है। कांवड़ यात्रा न केवल व्यक्तिगत भक्ति का प्रतीक है, बल्कि इसमें सामुदायिक भावना भी प्रकट होती है। नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के नेतृत्व में विकास मित्र मंडल द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। देवों के देव, महादेव से प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सोमनाथ में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर गंगाजल का अभिषेक किया।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से एक मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एक व्यक्ति के लिए 4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 16 अगस्त 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में लक्ष्मी वर्मा पति लीलाधर वर्मा, निवासी ग्राम रवेली, तहसील सुहेला शामिल हैं। हितग्राही के निकट परिजन के तालाब के पानी में डूबने से मौत हो गई थी।

### राजीव गांधी के नाम पर बने सेवा केन्द्र की सुध नहीं

# उपयोग नहीं होने से हुआ जर्जर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 20 अगस्त।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के कामकाज को आसान करने के उद्देश्य से वर्ष 2005 में एक महत्वपूर्ण योजना बनाते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया था इस भवन का डिजाईन अत्यंत ही आकर्षक बनाया गया था इस भवन को योजना के तहत 10 से 14 लाख रुपए तक लागत से बनाए गए थे, इस योजना का मुख्य उद्देश्य भवन में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी के कार्यों को आसान बनाने, मजदूरी चाहने वालों के जॉब कार्ड बनाने एवं इसके अलावा कम्प्यूटरीकृत माध्यम से किसानों को अपने खाते की नकल, गांवों में पंचायतों के कामों का पूरा ब्यौरा पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराने, लोगों की शिकवा-शिकायतें और ऑनलाइन फार्म भरने संबंधी अनेकानेक आधुनिक सुविधाएं निःशुल्क दिया जाना था लेकिन कुरुद जनपद पंचायत क्षेत्र के कई गांवों में यह भवन बनने के बाद भी उपयोगहीन है भवन की स्तिथि पूरा जर्जर हो चुका है कई गांवों के भवन खँडहर में तब्दील हो गए है उपयोगहीन भवन में शासन ने लाखों रुपये व्यर्थ कर दिए!

जनपद पंचायत कुरुद क्षेत्र के अधिकतर गांवों में राजीव गांधी सेवा केंद्र भवनों का निर्माण किया गया है जो उपयोग नही होने की वजह से खँडहर में तब्दील हो रहे हैं कुछ ग्राम पंचायतों में यह भवन खुला भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है इन भवनों का उपयोग क्या है क्या सही तरीके से बनाया गया है क्या उचित उपयोग हो रहा है इसे देखने वाला तक कोई नही हैं जनपद पंचायत कुरूद क्षेत्र के कई गांवों में बनाए गए भवन जर्जर हो चुके है दीवारों में दरार आ चुकी है तो कई गांवों में भवन पूरा जर्जर हो गए है भवन के अंदर लगे बिजली सामग्री व दरवाजे चोरी हो गए है जिसे देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस निर्माण में किस कदर भ्रष्टाचार किया गया होगा

**आसामाजिक तत्वों बना अड्डा**

अधूरे पड़े इस भवन का उपयोग अब शराब प्रेमी कर रहे हैं राजीव गाँधी के नाम से बने इस भवन में खाली शराब की बोतलें और डिस्पोजल, चखना के पैकेट के अलावा ताश की पत्ती, चिलम देखने को मिलते हैं

### सावन झूला महोत्सव में शामिल हुए विधायक

**छुरा, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सावन झुला महोत्सव में सम्मिलित होने बिद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ग्राम सड़क परसूली पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। साथ ही स्वागत में पहुंचे कलाकार टीम से मुलाकात कर पुरस्कार प्रदान करते हुए सम्मानित किया। वहीं मंच को संबोधित करते हुए कई घोषणाएं भी की और कहा कि क्षेत्र में समस्याएं तो बहुत है पर धीरे धीरे सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।और सावन महोत्सव में पहुंचे सभी महिलाओं ने विधायक जनक ध्रुव से मुलाकात की।वहीं सभी महिलाओं को विधायक ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान विधायक ने परसूली में टीना शेड हेतु भूमि पुजन कर दस लाख रुपए की घोषणा की, मोगरे की कलाकार टीम को दस हजार रुपए की घोषणा की, देवस्थल निर्माण हेतु झालखम्हार में पचास हजार की घोषणा की।



## मानस मासपरायण की पूर्णाहुति 21 को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 20 अगस्त।** शिक्षक मानस परिवार द्वारा नगर के राम मंदिर में श्रावण मास भर प्रतिवर्ष की भांति एक माह तक चल रहे रामचरित मानस के मास परायण की पूर्णाहुति 21 अगस्त बुधवार को दोपहर बाद रखी गई है जिसमें घर में पाठ करने वाले राम भक्त को एवं नगर वासियों को पूर्णाहुति हवन कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित एवं अपील की गई है संध्या 4 बजे मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडेय द्वारा विधि विधान से हनुमान चालीसा एवं मानस चौपाईयों के साथ पूजा हवन आरती कराई जाएगी पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा विदित हो कि प्रति मंगलवार को शिक्षक मानस परिवार द्वारा मानस पाठ एवं प्रति शनिवार को सुंदरकांड पाठ तथा श्रावण मास में मास-परायण विगत 10-12 वर्षों से करते आ रहे हैं परायण पाठ पश्चात उसकी पूर्णाहुति आयोजन प्रतिवर्ष शिक्षक मानस परिवार द्वारा नगर वासियों के सहयोग के साथ मिलकर किया जाता है जिसमें नगर के भक्तजन व्यापारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि समाजसेवक धार्मिक संस्थाएं शामिल होती है इसके लिए मानस परिवार के सदस्य तैयारी में लगे हुए है सभी सदस्यों को दायित्व दिया जा चुका है प्रमुख रुप से कामता प्रसाद तिवारी, विनोद कुमार देवांगन, ललित वर्मा, हीरालाल साहू, मनहरण पटेल, ओमप्रकाश यादव, पोषण लाल वर्मा, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, रामकुमार साहू, घनश्याम सिन्हा, केशव प्रसाद साहू, कमलेश साहू, कैलाश पटेल, भोला पांडेय, रुपेश शर्मा, रोशन शर्मा एवं नगर के गणमान्य राजा यशपेन्द्र शाह, रमेश जायसवाल, तारा महराज, गणेशु राम साहू आदि है।

# बोडतरा में मनाया गया आदिवासी दिवस महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 20 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्राम बोड़तरा में आदिवासी दिवस महोत्सव सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में मावली महासभा के चक प्रमुखों के उपस्थिति और आयोजक टिकुलिया चक के ग्राम बोड़तरा में सम्पन्न हुआ इस चक के अध्यक्ष कल्याण ध्रुव और प्रमुख काशी ध्रुव रायपंच, खूबी राम ध्रुव(महामंत्री), चैनसिंह ध्रुव(सलाहकार), खेलन ध्रुव, लोचन ध्रुव(कोषाध्यक्ष), सालिक राम, बंशी ध्रुव, रिकचंद ध्रुव, पूनम ध्रुव, यादव राम ध्रुव, हजारी ध्रुव, संतोष ध्रुव, खेलावन ध्रुव, शंकर ध्रुव, मुन्ना ध्रुव, रामकिसुन ध्रुव, रामविशाल ध्रुव, आलाराम, रोहित ध्रुव, बिघनु ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, युवा प्रमुखों में मुकेश ध्रुव गिरवर ध्रुव अनेन्द्र ध्रुव भालचंद ध्रुव, योगेश, पूरन ध्रुव, चन्द्रिका नेताम, भुवन ध्रुव, तोरण ध्रुव, गोविंद ध्रुव, कोमल ध्रुव, विक्रान्त ध्रुव, मन्नू ध्रुव, हिरालाल ध्रुव, पुनितराम ध्रुव, लखी ध्रुव, झंकार ध्रुव, मनीष ध्रुव, मनोज ध्रुव, महिला प्रमुखों में निरबाई, बृहस्पति, जेठिया, यसोदा, गोईय्यान, बसंती, कमला, कुलवंतीन, कुसुम, कांति ध्रुव, केसर, बिटावान, दामिनी, बिरम बाई, ऋतु, शशि, दिव्यानी, भारती, हरीतिमा देवकी, कविता, एवं आदिवासी समाज के युवा, युवती, प्रमुख जन समारोह में सम्मिलित उक्त जानकारी . सरपँच प्रतिनिधि रवि आडिल ने दी।

### पहली बारिश में गिट्टी उखड़ गई और दिखने लगे हैं छड़

# पुल निर्माण की पिचिंग में हुआ जमकर भ्रष्टाचार, बरती गई भारी अनियमितता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भखारा, 20 अगस्त।** जनता को सुविधा मुहैय्या कराने व सड़को से जोड़ने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा जगह-जगह सड़क व पूल का जाल बिछाया जा रहा है लेकिन सड़क व पुल निर्माण में संलग्न ठेकेदार व विभागीय मिलीभगत ने भारी अनियमितता व भ्रस्टाचार करके शासन प्रशासन को भारी क्षति पहुंचा रहा है बता दें कि धमतरी जिले की सरहद ग्राम पंचायत सिलतरा एवं दुर्ग जिले की ग्राम पंचायत बोरेन्दा के बीचों बीच सड़क सहित पुल निर्माण किया गया है जिसमें निर्मित पुल की दायीं व बायीं ओर कांक्रीट वाली फ्लाईएश ईंट से पिचिंग किया गया है जिसकी मटेरियल पहिली बारिश में ही धुलकर बह गए और पिचिंग में लगे ईंट सहित मिट्टी धसक कर खेतों में गिर रहे है जिससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है पुल निर्माण की ऊपरी हिस्से में छड़ दिख रहे है व गिट्टी भी उखड़ने लगा है भ्रस्टाचार व अनियमितता को छिपाने ठेकेदार द्वारा नागरिक सूचना बोर्ड तक नही लगाया है विभागीय संरक्षण के चलते भ्रस्टाचार का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है इन पर नकेल कब कसा जाएगा यह देखना दुलर्भ होगा!

वहीं ग्राम पंचायत सिलतरा के पंच चंद्रहास देवांगन का कहना है कि लंबे अरसे बाद सिलतरा-बोरेन्दा पुल का निर्माण हुआ है पुल पार करके हमें रानीतराई, दुर्ग, पाटन जाने के लिए सुविधा होता है लेकिन घटिया मटेरियल से बने पिचिंग का कभी भी धसकने का भय बना रहता है जिसके कारण राहगीर को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

ग्रामीण सुनील धृतलहरे का कहना है कि गुणवत्ताविहीन पिचिंग पहिली बारिश में ही खेत मे ढहकर गिर गया था जिसे पुनः निर्माण किया गया जिसमें अभी भी अनियमितता साफतौर पर देखने को मिल सकता है किसान की फसल मलबे से दब गया था जिससे किसान को काफी नुकसान हुआ है पिचिंग धसकने से आस-पास की किसान को अपनी फसल चौपट होने का डर समाया हुआ है तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए नही तो संबंधित ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई किया जाए!


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202408092200032**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024

भैंसरा (प.ह.न. 00019),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रविदास,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविदास पिता फेरुराम जाति धोबी निवासी ग्राम भैंसरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम भैंसरा प.ह.न. 19 तहसील डोंगरगढ़ में खाता क्रमांक 188 में ख.न. 42/6 रकबा 0.069 हे. कृषि भूमि रविदास पिता फेरुराम जाति धोबी सा. भैंसरा के नाम पर दर्ज है। जो कि आवेदक के ऋण पुस्तिका मेनुवल रिकार्ड में भी दर्ज है, पूर्णतः सत्य व सही है। उक्त भूमि आवेदक की पुस्तैनी भूमि है। किन्तु आवेदक द्वारा अपनी उपरोक्त भूमि का बी-1, खसरा एवं नक्शा निकालने की कोशिश की गई तो पता चला की उपरोक्त भूमि का ऑनलाईन नक्शा रिकार्ड आवेदक के काश्त कब्जे के अनुसार दर्ज नही किया गया है। आवेदक की उपरोक्त वर्णित भूमि का ऑनलाईन नक्शा रिकार्ड आवेदक के काश्त कब्जे के अनुसार दर्ज नहीं होने के कारण आवेदक को संबंधित शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यों तथा भूमि सीमांकन में परेशानी हो रही है। अतः आवेदक द्वारा काश्त कब्जा अनुसार ऑनलाईन नक्शा दुरुस्त किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**नाम परिवर्तन**

मैं शोएब खान पिता जुनैद अहमद खान, उम्र 25 वर्ष, ए-8, विशाल नगर, तेलीबांधा रायपुर तह. जिला रायपुर का निवासी हूं।

मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम जुनैद अहमद खान दर्ज है जो कि उक्त नाम मेरे पिता का ही है।

मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरे पिता का नाम जुनैद खान दर्ज है जो उक्त नाम मेरे पिता का ही है।

उक्त दोनों नाम जुनैद अहमद खान एवं जुनैद खान एक ही व्यक्ति मेरे पिता का नाम है और उक्त दोनों नामों से मेरे पिता जाने व पहचाने जाते हैं।

अतः उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे पिता का नाम होने के समर्थन में उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शोएब खान

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202408092200031**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024

भैंसरा (प.ह.न. 00019),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- दानेश्वर निर्मलकार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दानेश्वर निर्मलकार पिता मोहनदास जाति धोबी निवासी ग्राम भैंसरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम भैंसरा प.ह.न. 19 तहसील डोंगरगढ़ में खाता क्रमांक 115 में ख.न. 42/5 रकबा 0.069 हे. कृषि भूमि दानेश्वर कुमार, हेमंत कुमार, धनेश्वरी तीनों पिता मोहनदास, पूनम पति भावेश, जागेश्वरी पति मोहनदास, सभी जाति धोबी सभी सा. भैसरा के नाम पर दर्ज है। जो कि आवेदक के ऋण पुस्तिका मेनुवल रिकार्ड में भी दर्ज है, पूर्णतः सत्य व सही है। उक्त भूमि आवेदक की पुस्तैनी भूमि है। किन्तु आवेदक द्वारा अपनी उपरोक्त भूमि का बी -1. खसरा एवं नक्शा निकालने की कोशिश की गई तो पता चला की उपरोक्त भूमि का ऑनलाईन नक्शा रिकार्ड आवेदक के काश्त कब्जे के अनुसार दर्ज नहीं किया गया है। आवेदक की उपरोक्त वर्णित भूमि का ऑनलाईन नक्शा रिकार्ड आवेदक के काश्त कब्जे के अनुसार दर्ज नहीं होने के कारण आवेदक को संबंधित शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यों तथा भूमि सीमांकन में परेशानी हो रही है। अतः आवेदक द्वारा काश्त कब्जा अनुसार ऑनलाईन नक्शा दुरुस्त किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव-2**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः-जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.न.-00064 ईरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202324420512200026

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00064 के अंतर्गत ग्राम ईरा के वर्तमान भूमिस्वामी सरला दुबे पिता/पति-बी.एल. दुबे पता-हनुमान नगर दुर्ग, मुक्ता दुबे पिता/पति-स्व आनंदी प्रसाद दुबे पता-निवासी- फौव्वारा चौक, जमातपारा राजनांदगांव, विद्या दुबे पिता/पति-बी.एल.दुबे पता-हनुमान नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 131/20(0.4050), 159/3(0.2750), 159/4 (0.0650), 285(0.0450), 628(0.1340), 281(0.0850) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सरला दुबे पिता/पति-बी.एल.दुबे पता-हनुमान नगर दुर्ग, विद्या दुबे पिता/पति-बी.एल. दुबे पता-हनुमान नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 2 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार राजनांदगांव 2

एक नजर

## मठपुरेना स्कूल ने जीता पहला इनाम



**रायपुर, 20 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की प्रस्तुति के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में शा.उ.मा.वि. मठपुरेना के 218 छात्र-छात्राओं की सामूहिक नृत्य ने सबका मन मोह लिया। हमर सुग्घर छत्तीसगढ़ बोल पर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, प्राकृतिक, धार्मिक व ऐतिहासिक धरोहरों की जीवंत प्रस्तुति बों ने दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रथम पुरस्कार प्राप्त करके बों ने संस्था को गौरवान्वित किया। संस्था की प्राचार्य सरोज चंद्राकर के मार्गदर्शन में लेमन ठाकुर, बीएल पटेल, गोविंद प्रसाद सोनी, ऋतु वैष्णव, सविता श्रीवास्तव, सुषमा कंवर, मनोज बारिक, विजया भारती पटेल ने एक सशक्त टीम बनाकर अपनी भूमिका का निर्वहन व कोरियोग्राफ आयुष नायक का सफल निर्देशन रहा। बों की इस उपलब्धि पर प्रा.शाला के प्रधानपाठक उत्तर पांडे, पू.मा.शा. के प्रधान पाठक संजीव बल्लाल एवं उ.मा. के समस्त शाला परिवार ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया। शाला विकास समिति के पदाधिकारियों ने भी बों को बधाईयां दी।

### स्मिता श्रीराम सेना की प्रदेश अध्यक्ष



**रायपुर, 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की जानी मानी अधिवक्ता व समाज सेविका स्मिता पांडे को नई जिम्मेदारी दी गई है। राम सेना के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी पियूष परिहार की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी सविता माता ने स्मिता को छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है।

### एनएमडीसी ने पहली तिमाही के परिणाम घोषित किए

**रायपुर, 20 अगस्त।** भारत की सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 25 के अपने पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने इस तिमाही में रूपए 1984 करोड़ के निवल लाभ की घोषणा की है, जो कि इसके सतत विकास पथ में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कंपनी ने इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में रूपए 5378 करोड़ के टर्नओवर के साथ रूपए 1984 करोड़ का कर पश्चात लाभ (पीएटी) और रूपए 2725 करोड़ का ईबीआईटीडीए दर्ज किया है। यह उल्लेखनीय प्रदर्शन रूपए 2725 करोड़ के ईबीआईटीडीए वृद्धि को दर्शाता है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि से 20त्न अधिक है। कंपनी के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, एनएमडीसी की राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता इस तिमाही के हमारे मजबूत प्रदर्शन में परिलक्षित होती है। यह वित्त वर्ष की अच्छी शुरुआत है जैसा कि हमारे पहली तिमाही के अर्जन में परिलक्षित हुई है।



# देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी का विरोध हर मोर्चे पर किया जाएगा : कांग्रेस

## कांग्रेसजन सेंट्रल जेल में जाकर मिले विधायक से

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 अगस्त।** कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई जिसमें गिरफ्तारी का विरोध हर मोर्चे पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक के पश्चात विधायक सेंट्रल जेल रायपुर पहुंचे जहां पर विधायक से मिलकर उन्होंने बैठक की जानकारी देते हुए भविष्य में उठाए जाने वाले कदमों को बताया।

बलौदाबाजार कांड में दोषी पाए जाने पर भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा किए जाने के बाद सियासत तेज हो गई है। देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सामने आ गए हैं। आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई। इसमें तय किया गया कि शीतकालीन सत्र में गिरफ्तारी के विरोध में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। प्रत्येक जिले और संभाग में गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में भी गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।



बैठक समाप्त होने के पश्चात सभी विधायक सेंट्रल जेल रायपुर पहुंचे। यहां पर उन्होंने गिरफ्तार विधायक देवेन्द्र यादव से मुलाकात की और उनका मनोबल बढ़ाया। आज की बैठक में कांग्रेस के समस्त विधायक उपस्थित हुए। बैठक के पश्चात वरिष्ठ नेताओं ने अलग से रणनीति बनाई है। ज्ञात रहे देवेन्द्र यादव भिलाई के विधायक हैं तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफी करीबी हैं। कोयला घोटाला तथा अन्य घोटाले में ईडी द्वारा उन्हें समन जारी किया गया है।

**एमआईसी बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णयः** नगर निगम कार्यालय में आज एमआईसी की बैठक हुई। बैठक की जानकारी देते हुए श्रीकुमार मेनन ने बताया कि बालिकाओं को एकमुश्त राशि देने की योजना पर विचार किया गया तथा अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा हुई है। इस बैठक में सभापति एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा के नवनिर्वाचित सांसदों ने राजधानी में मांगा शासकीय आवास

## मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दिया आवेदन

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में भाजपा के नवनिर्वाचित सांसदों ने रायपुर में अपने समर्थकों के ठहरने तथा कार्यालय के लिए शासकीय आवास मुख्यमंत्री से मांगा है।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा निर्वाचित लोकसभा सांसद व राज्यसभा सदस्यों को राजधानी में शासकीय आवास उपलब्ध कराया जाता है। रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से पत्थलगांव में मुलाकात कर शासकीय आवास रायपुर में आवंटित करने की मांग की है। महासमुंद की सांसद रूप कुमारी चौधरी के अलावा कांकेर के भोजराज नाग, बस्तर के सांसद महेश कश्यप ने भी शासकीय आवास की मांग की है। फिलहाल सरकार द्वारा इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल भिलाई इस्पात संयंत्र के आवास में रहते हैं। उन्होंने फिलहाल किसी बंगले की मांग नहीं की है। ज्ञात रहे कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा को भी शासकीय आवास आवंटित किया गया था। वर्तमान में कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत को भी देवेन्द्र नगर में आवास दिया गया है।

गृह विभाग के अनुसार प्रदेश में नवनिर्वाचित विधायकों को विधायक हॉस्टल में जगह दी गई है वहीं मंत्रियों को आवास आवंटित कर दिया गया है, लेकिन कुछ वरिष्ठ विधायक जैसे धर्मजीत सिंह को भी शासकीय आवास दिया गया है। इस समय कई वरिष्ठ विधायक मौलश्री विहार स्थित अपने निजी निवास में रहते हैं। भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी शासकीय आवास मांगा है। जबकि पूर्व नेता प्रतिपक्ष रहे नारायण चंदेल ने अभी शासकीय आवास खाली नहीं किया है।

## जवानों की कलाइयां राखी से सजी



**रायपुर, 20 अगस्त।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था के तत्वावधान में रायपुर महादेव घाट समीप अमलेश्वर स्थित छत्तीसगढ़ आर्म फ़ोर्स के तीसरी बटालियन में जवानों के बीच हर्षोल्लास से रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित सीएएफ बटालियन के अधिकारियों ने कहा कि अपने घर से दूर रहकर कर्तव्य का पालन कर रहे जवानों की कलाई ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा ने सूनीं नहीं रहने दी। संस्था की अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने बताया कि वे लोग पिछले 8 सालों से रक्षाबंधन पर सेना व पुलिस के वीर जवानों को राखियां बांध रहे हैं. इस अवसर पर ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा कीअध्यक्ष सुषमा तिवारी, सचिव ममता शर्मा, हेमलता त्तिवारी, निर्मला गोस्वामी, सरीता विश्वकर्मा ममता बड़गैय्या राधिका सोनकर, नूतन शर्मा, स्वेता, बिन्नी वा अन्य सदस्यों सहित 3 री बटालियन के प्लाटून कमांडर राजलाल यादव, हरीश चंद्र पंत, विजय सिंह सहित अन्य सपोर्टिंग स्टाफ आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट संजय दीवान का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय स्टेम प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 27अगस्त को

**रायपुर, 20 अगस्त।** स्कूल ऑफ एक्सेलन्स सीपत, बिलासपुर और शासकीय हाईस्कूल कुरेली इनके छात्रों ने ब्रिलिओ नेशनल स्टेम चैलेंज 2024 का क्लस्टर राउंड जीता है। प्रतियोगिता का आयोजन डिजिटल परिवर्तन सेवा और समाधान क्षेत्र की कंपनी ब्रिलियो द्वारा किया गया था। स्कूली छात्रों के बीच स्टेम शिक्षा को बढ़ावा देने वाली सामाजिक संस्था स्टेम लर्निंग ने भी इस परियोजना में भाग लिया। ये विजेता अब 27 अगस्त, 2024 को बैंगलोर में होने वाले ग्रैंड फिनाले में प्रतिस्पर्धा करने के लिए क्षेत्रीय दौर में आगे बढ़ेंगे।

यह प्रतियोगिता स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) विषयों में सालभर चलनेवाली विभिन्न गतिविधियों की शुरूआत थी। इसमें विज्ञान और गणित मॉडल प्रतियोगिताएं, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग का प्रदर्शन शामिल था। नेशनल स्टेम चैलेंज को छठी से दसवीं कक्षा के छात्रों के बीच जिज्ञासा, नवाचार और डिजाइन सोच कौशल को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। छात्रों की पृष्ठभूमि चाहे जो भी हो, वे इस प्रतियोगिता के लिए पात्र हैं।

## हर संभव फाउंडेशन ने मनाया सावन उत्सव



**रायपुर, 20 अगस्त।** हर संभव फाउंडेशन द्वारा आयोजित सावन उत्सव सावन सुंदरी का कार्यक्रम वृंदावन हॉल में आयोजित किया गया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिखा गोयल चेयरपर्सन रायपुर रॉयल लेडीज सर्किल 197 नम्रता साहू चेयरपर्सन लेडीज सर्कल इंडिया सोनम श्रीवास्तव एशिया इंटरनेशनल डायरेक्टर पाठशाला डॉ रूना शर्मा कॉस्मोटोलाजिस्ट डायरेक्टर अरना फउंडेशन दमयंती गुप्ता डिजी ज्वेलरी सुमन सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष की उपस्थिति में अवसर पर लेडिस सर्किल 197 ने हर संभव फऊंडेशन को दो सिलाई मशीन प्रदान की जिससे महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके पुष्पलता त्रिपाठी अध्यक्ष संरक्षक सीमा छाबड़ा पूनम शुक्ला ममता गुप्ता प्रीति मिश्रा एवं संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें इस अवसर पर एकल नृत्य सामूहिक नृत्य रैंप वॉक सावन सौंदर्य प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रथम स्थान पर राधा कृष्ण के रूप में नृत्य प्रस्तुत करने वाले खुशी श्वेता प्रथम स्थान पर रहे द्वितीय स्थान पर अनुराधा कोमल मंजू सुषमा रही प्रथम स्थान पर एकल नृत्य में रागिनी साहू और द्वितीय स्थान पर वर्षा जैन रही सावन सौंदर्य सुंदरी के रूप में बरखा अंदानी ने प्रथम स्थान द्वितीय स्थान पर रिया श्रीवास्तव और तृतीय स्थान पर मंजू देवांगन रहीं डॉ. श्रद्धा निर्मलकर आभा वर्मा रूपल मिश्रा दीपिका देवांगन ने छाया देवांगन सपना वर्मा आदि सभी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया इस प्रतियोगिता में काफी महिलाओं ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया और कई शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया सभी विजेताओं को मोमेंटो सर्टिफिकेट उपहार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधे भेंट किए गए।

## श्रद्धालुओं ने दादा गुरुदेव की मूर्ति को बांधी राखी

**रायपुर, 20 अगस्त।** राखी पूनम पर सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी में भाव भक्ति से चारों दादा गुरुदेव की मूर्तियों पर उपस्थित महिला मंडल ने अत्यंत भाव विभोर होकर परिवार कि सुख शांति आरोग्य की कामना से दादागुरुदेव पूजन किया, पूजा का प्रारंभ मंत्र नवकार हमें प्राणों से प्यारा ये है वो जहाज जिसने लाखों को तारा के सुमधुर संगीत लहरियों से प्रारंभ हुआ उक्ताशय की जानकारी सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने दी। कोचर ने आगे बताया कि सर्वप्रथम स्थापना का विधान अक्षत नारियल व नैवेद्य का समर्पण मंत्र उच्चारण के साथ लाभार्थी परिवारों ने करवाया इसी के साथ दादा के चमत्कारों व उपकारों पर आधारित चौपाइयों से अष्ठ प्रकारी पूजा का आगाज गुरु पार्टिख सुरतरु रूप सुगुरु सम दूजो तो नही के समर्पण बोलो के साथ प्रसिद्ध गायक वर्धमान चोपड़ा द्वारा किया गया फिर जल चंदन धूप दीप अक्षत नैवेद्य फल व वस्त्र समर्पण उपस्थित भक्तो द्वारा किया गया।



### भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी

**रायपुर, 20 अगस्त।** सिट्रोएन इंडिया ने भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे – बैसाल्ट के लॉन्च की घोषणा कर दी। इसमें ग्राहकों को एसयूवी के मज़बूत आकर्षण के साथ कूपे का स्लीक एलिगेंस और विशाल रिफाईनमेंट मिलेगा। सिट्रोएन बैसाल्ट में बोल्ड, कमांडिंग स्टांस, श्रेणी में सबसे विशाल स्पेस और एयरोडायनामिक सिल्हुएट के साथ ड्राइविंग का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 100 सालों से सिट्रोएन की विरासत रही इनोवेशन और कम्फर्ट की प्रतिबद्धता के साथ बैसाल्ट ऑटोमोटिव उत्कृष्टता का एक नया युग शुरू कर रही है, जिसमें आधुनिक फीचर्स और ड्राइविंग के आनंद को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है।

### स्वतंत्रता दिवस पर 'लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो'

**रायपुर, 16 अगस्त।** भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर ने 'लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो' का आयोजन किया था। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रीय गान के साथ हुई। इसका नेतृत्व चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिनव चतुर्वेदी, जॉयश्री अरोड़ा और डॉ. वंदना वाडेरा उपस्थित रहे। इनके अलावा, प्रधानाचार्या अर्पिता मजूमदार और एमिटी स्कूल ग्रुप की इवेंट हेड रुचिका कृष्णानी भी उपस्थित रहीं। समारोह के बाद, वहां उपस्थित लोगों को विकास और स्थिरता के प्रतीक रूप में पौधे भेंट किए गए। समारोह का मुख्य आकर्षण 'लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो' था।

## कुष्ठमुक्त 80 साल की बुजुर्ग महिला का चंद्रपुर स्वास्थ्य शिविर में सम्मान



रायपुर, 20 अगस्त। डॉ हेडगेवार जन्म शताब्दी सेवा प्रकल्प समिति के तत्वावधान में ग्राम चंद्रपुर बैतलपुर जिला मुंगेली में रविवार 18 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य का आयोजन किया गया. ग्राम चंद्रपुर के शिव मंदिर में आयोजित इस शिविर में डॉ सत्यजीत साहू, डॉ नरेंद्र मिश्रा, डॉ संगीता कौशिक, डॉ दिनेश जायसवाल, ने मरीज़ों को परीक्षण कर इलाज किया। वरिष्ठ समाजसेवी वासुदेव बोपचे, समाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र पटेल ने समिति के ओर से निःशुल्क दवा वितरण किया। चिकित्सा शिविर में भाग लेने के लिये समिति के द्वारा समय समय पर लगनेवाले चिकित्सा शिविर में हमेशा भाग लेने वाली अस्सी साल की कुष्ठ रोग मुक्त टेटकी बाई का इस अवसर पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ उदयभान सिंह चौहान और अरविन्द मिश्रा, सलाहकार, जनसंपर्क विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने समाजिक भावना और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। डॉ सत्यजीत साहू ने भगवान शिव के विष पान की कथा के माध्यम से समाज कार्य में भगवान शिव की प्रेरणा की बात कही. उन्होंने कहा कि शिवभाव से जीव सेवा ही सामाजिक चेतना और सच्ची सेवा की मूल भावना है।

चंद्रपुर शिव मंदिर प्रांगण में भगवान शिव की आरती के बाद समाजिक समरसता के लिए रक्षाबंधन उत्सव भी मनाया गया। ग्राम चंद्रपुर के बुधारू राम निषाद, आत्मवाणी, भगउ राम निषाद, लक्ष्मी यादव, संतोषी यादव समेत बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर और रक्षा बंधन उत्सव में भाग लिया.




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26